दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 300 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | बुधवार, 03 सितंबर 2025 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष एकादशी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## न्यूज ब्रीफ

### अभिनेत्री रान्या राव पर 102 करोड़ का जुर्माना



**बेंगलुरु।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के एक मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव पर 102 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। रान्या राव के साथ ही डीआरआई ने होटल व्यवसायी तरुण कोंडाराजू पर 63 करोड़ रुपए और आभूषण कारोबारियों साहिल सकारिया जैन और भरत कुमार जैन पर 56-56 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। मंगलवार को डीआरआई अधिकारी बेंगलुरु सेंट्रल जेल पहुंचे और उनमें से प्रत्येक को 250-पृष्ठ का नोटिस और 2,500-पृष्ठ के अन्य दस्तावेज सौंपे। डीआरआई सूत्रों के अनुसार, अभिनेत्री राव को तीन मार्च को दुबई से आने पर बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 14.8 किलोग्राम सोने के साथ पकड़ा गया था।

### जीएसटी परिषद की दो दिन की बैठक आज से

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार बुधवार से शुरू हो रही जीएसटी परिषद की दो दिन की बैठक में दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर कम करने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में महत्वाकांक्षी बदलाव पर विचार कर सकती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली और सभी राज्यों के प्रतिनिधित्व वाली यह परिषद केंद्र के 'अगली पीढ़ी' के जीएसटी सुधार प्रस्ताव पर चर्चा करेगी। प्रस्तावित सुधारों में मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के कर स्लैब को हटाकर केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो कर दरें रखना प्रमुख है। इसके अलावा कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर से कर लिया जाएगा।

### पक्षी के टकराने के बाद विमान नागपुर लौटा




**नागपुर।** नागपुर से कोलकाता जा रहा इंडिगो का एक विमान मंगलवार की सुबह उड़ान भरने के पश्चात संदिग्ध रूप से पक्षी के टकराने के बाद हवाई अड्डे पर लौट आया। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 160 से 165 यात्रियों को ले जा रहे विमान को नागपुर हवाई अड्डे पर एहतियात के तौर पर लौटना पड़ा। उड़ान रद्द कर दी गई है।

## जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश से कई नदियां उफान पर... हिमाचल में जनजीवन अस्त-व्यस्त

# पंजाब बाढ़ से बेहाल... दिल्ली के निचले इलाकों में यमुना का पानी घुसा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/ शिमला।** देश के विभिन्न भागों में भारी बारिश का सिलसिला जारी है। वजीराबाद और हथिनीकुंड बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण, दिल्ली में यमुना नदी इस वर्ष पहली बार खतरे के निशान को पार कर गई। इसकी वजह से किनारे के कई निचले इलाकों में पानी घुस गया और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

वहीं, हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। छह राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 1,311 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं और स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी गई। वहीं, पंजाब और हरियाणा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पुनः हुई बारिश से नदियां उफान पर हैं और बड़े इलाकों के जलमग्न होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पंजाब के बाढ़ से प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ, सेना, बीएसएफ, पंजाब पुलिस और जिला प्राधिकारियों द्वारा राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली में मंगलवार शाम चार बजे पुराने रेलवे पुल (ओआरबी) पर जलस्तर 206.03 मीटर दर्ज किया गया। इस पुल को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। इससे पहले, सुबह छह बजे यमुना नदी खतरे के निशान 205.33 मीटर से काफी ऊपर 205.68 मीटर के स्तर पर पहुंच गई थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना नदी के किनारे के इलाकों का जायजा लिया और कहा कि सरकार स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।



### पंजाब के 12 जिलों में बाढ़, 29 लोगों की मौत

उत्तराखंड में स्कूल बंद; दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ा, कई कॉलोनियां खाली कराई गईं पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में बारिश जारी है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में आज कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर, दिल्ली में यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के बाद मंगलवार को ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में पानी घुस गया। यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है।

उत्तराखंड के सभी 13 जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद हैं। सोमवार को उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर लैंडस्लाइड से दो लोगों की मौत हो गई और 6 घायल हो गए। भारी बारिश के कारण चार धाम यात्रा 5 सितंबर तक स्थगित कर दी गई है।हिमाचल प्रदेश में इस साल अगस्त की बारिश ने 76 साल का रिकॉर्ड तोड़ा दिया। बीते महीने सामान्य से 68% ज्यादा (256.8 mm) बारिश हुई। यह 1949 के बाद से सबसे ज्यादा है।

### पंजाब के 12 जिले बाढ़ की चपेट में

सतलुज, ब्यास, रावी नदियों के साथ ही मौसमी-छोटी नदियों में उफान के कारण पंजाब के 12 जिले भारी बाढ़ की चपेट में है। पठानकोट, गुरदासपुर, फाजिल्का, कपूरथला, तरनतारन, फिरोजपुर, होशियारपुर और अमृतसर जिलों के गांव बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हुए है। अधिकारियों के अनुसार विनाशकारी बाढ़ में अब तक 29 लोगों की मौत हो चुकी है और 2.56 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। सोमवार को राज्य के सभी कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और पॉलिटेक्निक संस्थानों को 3 सितंबर तक बंद करने की घोषणा की थी। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने बाढ़ प्रभावित जिलों के दौरे की शुरुआत फिरोजपुर से की। उन्होंने प्रभावित परिवारों के लिए राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की।

### चंबा में फंसे 5,000 मणिमहेश तीर्थयात्री

हिमाचल प्रदेश में शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग 5 सोलन जिले के सनवारा में भूस्खलन के बाद अवरुद्ध हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में वाहन फंसे हैं। यह राजमार्ग हिंदुस्तान-तिब्बत मार्ग के नाम से भी जाना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि चंबा जिले में फंसे लगभग 5,000 मणिमहेश तीर्थयात्रियों को वापस घर भेजने के प्रयास जारी हैं।



## महाराष्ट्र सरकार ने जरांगे की अधिकांश मांगें मानी

# मराठों को मिलेगा कुनबी जाति का प्रमाण पत्र

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गुड गवर्नेन्स के मानकों पर खरा उतरते हुए आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारी उनकी नियमित मॉनिटरिंग करें। साथ ही, संबंधित विभागों से समन्वय कर भूमि आवंटन, डीपीआर, टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए, जिससे विकास कार्यों का लाभ लोगों को समय पर मिल सके।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से काश्तकारों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में नवाचार कर रहा है। इसी क्रम में किसानों को स्वयं फसल गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एग्रीस्टेक मोबाईल ऐप विकसित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के लिए इस ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### बचाव अभियान जारी... मलबे के ढेरों में जीवन की हो

**जलालाबाद।** अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1400 से ज्यादा हो गई है और 3,000 लोग घायल हुए हैं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीवित बचे लोगों की तलाश में बचाव दल का तलाश अभियान जारी है। राहत टीमें मलबे के नीचे फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं।

## मुख्यमंत्री ने ली राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक

# बजट घोषणाओं के निर्माण कार्य हों समय से पूरे: सीएम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार गुड गवर्नेन्स के मानकों पर खरा उतरते हुए आमजन के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए अधिकारी उनकी नियमित मॉनिटरिंग करें। साथ ही, संबंधित विभागों से समन्वय कर भूमि आवंटन, डीपीआर, टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए, जिससे विकास कार्यों का लाभ लोगों को समय पर मिल सके।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्व एवं उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग, तकनीक एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से काश्तकारों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में नवाचार कर रहा है। इसी क्रम में किसानों को स्वयं फसल गिरदावरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एग्रीस्टेक मोबाईल ऐप विकसित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के लिए इस ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।



# श्री वीर तेजा मेला- 2025 : खेलों की गूंज से गूंजा ब्यावर, खिलाड़ियों के जोश ने बांधा समां

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** संस्कृति और उत्सव का प्रतीक वीर तेजा मेला - 2025 खेलों की रोमांचक प्रतिस्पर्धाओं से सराबोर रहा। वाल्मीकि उद्यान और सुभाष उद्यान में आयोजित कबड्डी, कुश्ती और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं ने मेले को जीवंत बना दिया। खिलाडियों के दमखम और खेल भावना ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कबड्डी मुकाबलों में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। फाइनल में अपना डेयरी सरमालिया ने गोपालपुरा टीम को 27-25 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। नियाज को बेस्ट प्लेयर, निलेश चौधरी को बेस्ट रेडर और राहुल को बेस्ट डिफेंडर का खिताब मिला।



**कुश्ती में उमड़ा जोश,116 पहलवानों ने आजमाई ताकत :** कुश्ती प्रतियोगिता में 116 प्रतिभागियों ने शिरकत कर अपनी शक्ति और तकनीक का प्रदर्शन किया। खेलो इंडिया गोल्ड मेडलिस्ट स्थानीय खिलाड़ी दक्ष शर्मा को सम्मानित किया गया, जिससे वातावरण और भी गौरवशाली बन गया।

**वॉलीबॉल में केसी मीणा क्लब विजेता :** वॉलीबॉल में 13 टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही। फाइनल मुकाबले में केसी मीणा क्लब ने ब्यावर स्टार को मात देकर खिताब अपने नाम किया।

**खेलों से बढ़ी मेले की शोभा :** कार्यक्रम में विष्णु हेड़ा, राजेश झवर, मोनु , वसीम , भुवनेश शर्मा, सुनील , भरत सहित जनप्रतिनिधियों और पार्षदों ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

**सफल आयोजन में योगदान :** डॉ. दीनेश चौधरी, प्रभु सिंह, गोपाल नारायण प्रजापत, अरविंद कुमार, मनोहर सोलंकी, ओमप्रकाश बुनकर, इब्राहिम खान, किशन प्रजापत, गोपाल सिंह आपावत, रमेश वैष्णव, गोविंद सैनी, दीपक गौड़, अब्दुल अहद, कमल भाटी, रमेश प्रजापत और दुर्गा प्रसाद की टीम ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। वीर तेजा मेले की इन प्रतियोगिताओं ने न सिर्फ खेलों का रोमांच बढ़ाया बल्कि खिलाडियों के उत्साह और समाज की एकता को भी नई ऊंचाइयां दीं।

## धोबी रजक समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन, पावटा के बद्री प्रसाद चौहान सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** इंदिरा गांधी पंचायत राज संस्थान, जयपुर में 31 अगस्त को धोबी रजक समाज समन्वय समिति एवं रजक धोबी समाज महाअधिवेशन समिति की ओर से राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इस अवसर पर धोबी समाज स्मारिका का विमोचन भी किया गया। सम्मेलन में समाज सुधार, भामाशाहों और समाज बंधुओं के उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न जिला समितियों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कोटपूतली-बहरोड़ जिला संरक्षक एवं पावटा निवासी बद्री प्रसाद चौहान, अध्यक्ष सत्य नारायण कन्नौजिया तथा उपाध्यक्ष लालाराम चौहान टसकोला को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## अमृत भारत योजना के तहत ब्यावर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, पैदल पुल निर्माण कार्य शुरू



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और स्टेशन को आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से अमृत भारत योजना के तहत ब्यावर रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य तेजी से जारी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को रेलवे ने सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक मेगा ब्लॉक लिया और पैदल पुल निर्माण की शुरुआत की रेलवे अधिकारियों की देखरेख में इस दौरान लोहे के एंगल लगाए गए। आने वाले दिनों में यह पैदल पुल यात्रियों को प्लेटफार्मों के बीच सुरक्षित और सुगम आवाजाही की सुविधा देगा। पुल पर लिफ्ट और अन्य आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजन को विशेष सहूलियत मिल सके।स्टेशन पर जारी कायाकल्प कार्यों से यात्रियों को न केवल बेहतर परिवेश मिलेगा।

## मदनलाल मांडण बने स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज शाहपुरा-विराटनगर परिक्षेत्र के चुनाव सोमवार को त्रिवेणी धाम स्थित स्वर्णकार सभा भवन में सम्पन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी सत्यनारायण सोनी एवं शिवदयाल सोनी के निर्देशन में हुई चुनाव प्रक्रिया में अजीतगढ़ निवासी मदनलाल सोनी मांडण (हाथीदेह वाले) अध्यक्ष और राजेश सोनी बाड़ीजोड़ी महामंत्री निर्वाचित हुए। इसके अलावा श्यामलाल सोनी मेड़ और मोहनलाल सोनी पावटा उपाध्यक्ष, मुकेश सोनी साईवाड़ कोषाध्यक्ष, निहालचंद सोनी संरक्षक चुने गए। पर्यवेक्षकों ने महावीर सोनी पावटा को संरक्षक पद पर मनोनीत किया। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद सफल प्रत्याशियों को शपथ दिलाई गई तथा दुपट्टा ओढ़ाकर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

## सरकार ने नहीं कम की मार्बल रॉयल्टी, व्यापारी मंडल में भ्रम

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज गंगावत ने बताया कि राज्य सरकार ने अब तक रॉयल्टी दरों में कोई कमी नहीं की है, जिससे मार्बल व्यापारियों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में रॉयल्टी दर कम करने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक कोई गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ।

पंकज गंगावत ने बताया कि पहले रॉयल्टी दरों में वृद्धि के कारण व्यापारी संगठन विरोध प्रदर्शन पर उतर आए थे। उस समय मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि 90 रुपये बढ़ाई गई रॉयल्टी में से 45 रुपये कम किए जाएंगे। इस विश्वास पर व्यापारी हड़ताल खत्म कर काम पर लौट आए थे। हालांकि, 11 दिन बीतने के बावजूद रॉयल्टी में कमी नहीं होने से व्यापारी पुनः भ्रम और असंतोष में हैं। मार्बल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री और प्रमुख खान सचिव टी. रविकांत को पत्र लिखकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी सुनवाई नहीं होती है।

## श्रीमद भागवत प्रभात फेरी परिवार ने वीर तेजाजी थान पर चढ़ाया झंडा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** श्रीमद भागवत प्रभात फेरी परिवार द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक वीर तेजाजी महाराज थान पर जिले की सुख, शांति और समृद्धि की मंगल कामना करते हुए झंडा चढ़ाया गया तथा दूध व चूरमे का भोग अर्पित किया गया प्रभात फेरी के सदस्य रंग-बिरंगे वस्त्र और पगडियाँ धारण कर नाचते-गाते थान पहुँचे और माथा टेककर झंडा अर्पित किया।

## समाज सेवा कार्यों को लेकर विनय बोहरा का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/महुवा (अंशु गुप्ता)।** श्री बालाजी भक्त मंडल महुवा की ओर से मंगलवार को समाज सेवा कार्यों में विशेष योगदान देने पर द बोहरा ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल महुवा के निदेशक विनय बोहरा, सह-निदेशक विकास बोहरा और संरक्षक गोपुत्र अवधेश अवस्थी का सम्मान किया गया।

भक्त मंडल पदाधिकारियों ने तीनों का माला व साफा पहनाकर स्वागत-सत्कार किया। विद्यालय परिवार ने भी मंडल पदाधिकारियों व सदस्यों का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर विनय बोहरा ने कहा कि समाज के कार्यों में आगे बढना उनके लिए सौभाग्य की बात है। मंडल संरक्षक बनवारी खेडला वाले ने बताया कि विनय बोहरा के पिता विजय शंकर बोहरा ने भी समाज उत्थान के लिए अनुकरणीय कार्य किए हैं, उसी परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है।



भक्त मंडल के सदस्यों ने विद्यालय प्रांगण का निरीक्षण कर बेहतर प्रबंधन व उत्कृष्ट परिणामों की सराहना की और विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में मंडल के सदस्य मुकेश गोयनका, बनवारी अग्रवाल, मनोज गुर्जर, रिंकू सिंघल, अजय बंसल, गौरव मार्बल वाले, हितेश सिंघल, राजकमल शर्मा, मनीष अग्रवाल, विवेक अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खाटूश्याम के लिए पांचवीं डाक निशान यात्रा निकाली

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सोमवार को श्री श्याम सखा परिवार की ओर से सीकर स्थित खाटूश्याम के लिए पांचवीं डाक निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत सुबह 9 बजे भायलापुरा हनुमान मंदिर से हुई।एक वाहन पर श्याम बाबा का रथ सजाया गया। रथ में बाबा श्याम की तस्वीर के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद यात्रा को पार्षद सत्य प्रकाश शर्मा व जुपिटर स्कूल के डीडायरेक्टर उत्कर्ष कटारा ने हरी झंडी दिखा कर यात्रा को किया रवाना यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल हुए।डीजे पर बज रहे श्याम भजनों पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए चल रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। उन्हें शीतल पेय, पानी और फल वितरित किए गए।यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्टेशन रोड स्थित एक बैंक के पास पहुंची। वहां से डाक यात्रा की पहली टीम निशान लेकर रवाना हुई। यात्रा के लिए कुल 11 टीमें बनाई गई हैं, जिनमें 100 से अधिक श्याम भक्त शामिल हैं। यात्रा का स्वागत करने के लिए कई स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए। श्याम भक्तों पर पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा की गई।



## तेजा दशमीं पर भक्ति और लोक संस्कृति का अद्त संगम

बढ़ता राजस्थान

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम किराडोद स्थित ढाणी बाडाला के तेजाजी मंदिर में मंगलवार को तेजा दशमीं के अवसर पर भक्ति और लोक संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में विशाल भंडारे के साथ लोकगीतों का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

लव स्टार एंड पार्टी व पाथरेड़ी के सीताराम माहसी ने पौराणिक कथाओं व लोकदेवताओं पर आधारित प्रसंगों को लोकगीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इससे पूर्व महिलाओं ने कस्बे के प्रमुख मार्गों से विशाल कलश यात्रा निकाली और भव्य झांकियां निकाली गईं। तेजाजी महाराज को भोग लगाकर प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड़ ने भी शिरकत की और तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि तेजाजी महाराज की शिक्षाएं सत्य, न्याय और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को मजबूती प्रदान करते हैं।

इस अवसर पर हरिराम कपूरिया, सुंदरलाल कपूरिया, अशोक देवंदा, महेन्द्र भूराण, बाबूलाल जंवर, संजू कपूरिया, अजय कपूरिया, सुरेन्द्र कपूरिया, नवरत्न, मदन नेहरा, महावीर सामोता, मुकेश सैनी, कैलाश गिठाला, हनुमान देवंदा, सीताराम देवंदा, भोमाराम रूंडला, जगदीश कपूरिया, लीलाराम सामोता, गणपत माठ, पूर्व पंच राजेन्द्र स्वामी, राजकुमार सैनी, धर्मचंद चौधरी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## ग्राम चांदोली दुदावास की ढाणी खुटला में जलभराव, जनहानि का खतरा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चांदोली दुदावास की ढाणी खुटला इन दिनों भयंकर जलभराव की समस्या से जूझ रही है। पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने और लगातार पानी की आवक के कारण पूरा क्षेत्र चारों ओर से जलमग्न हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से पानी रुका हुआ है, जिससे मकानों की नींव कमजोर पड़ गई है और दीवारों में दरारें आ रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा बड़ी चुनौती बन गई है। बरसात के दौरान यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जिससे किसी बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हालात इतने बिगड़ गए हैं कि रोज़मर्रा का सामान लाना भी मुश्किल हो गया है। मजबूरीवश लोग खतरे के बावजूद मकानों में रह रहे हैं।



ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और सरकार से गुहार लगाई है कि ढाणी खुटला के लिए पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए। साथ ही प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री व आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और विकराल हो सकती है, जो किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। यह समस्या न केवल ढाणी खुटला बल्कि आसपास के क्षेत्र के लिए भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

### ब्यावर में हुआ ज़िला आयुष कार्यालय का शुभारंभ,

## डॉ. चेतन प्रकाश सेन ने संभाला पहला कार्यभार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जिला मुख्यालय ब्यावर में एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब नवीन स्वीकृत जिला आयुष कार्यालय का उद्घाटन हुआ। इसी अवसर पर जिले के पहले सहायक निदेशक के रूप में वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. चेतन प्रकाश सेन ने विधिवत पदभार ग्रहण किया।

उद्घाटन समारोह में पूर्व उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग राजस्थान डॉ. रमाशंकर पचौरी, प्रधान चिकित्साधिकारी जिला आयुष चिकित्सालय ब्यावर डॉ. पारस चौहान, आयुर्वेद सर्जन डॉ. आशीष सोनी, जिला नोडल अधिकारी होम्योपैथिक विभाग डॉ. वीरेन्द्र पाल सिंह रावत, डॉ. नेहा सोनी सहित जिले के सभी ब्लॉक नोडल अधिकारी, चिकित्साधिकारी, नर्स/कंपाउंडर, परिचारक, औषधि विक्रेता, जिला आयुष चिकित्सालय, होम्योपैथिक व यूनानी चिकित्सालय का पूरा स्टाफ बड़ी संख्या में उपस्थित रहा।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जिला स्तर पर आयुष कार्यालय की स्थापना से जिलेभर में आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के प्रचार-प्रसार व आमजन तक इनके लाभ पहुंचाने में नई ऊर्जा और गति मिलेगी कार्यभार ग्रहण करते हुए सहायक निदेशक डॉ. चेतन प्रकाश सेन ने कहा यह कार्यालय ब्यावर व समूचे जिले के लिए आयुष चिकित्सा सेवाओं के विस्तार और आमजन के स्वास्थ्य संवर्धन में मील का पत्थर साबित होगा। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जोडक़र हम जन-जन तक आयुष का संदेश पहुँचाएंगे।



इस शुभारंभ समारोह ने ब्यावर जिले को एक नई पहचान दिलाई और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ दिया।

# वसुंधरा बोलीं-हम लड़ेंगे और अलग होंगे तो प्रॉब्लम होगी

**बढ़ता राजस्थान**

**जोधपुर (नि.स.)।** जोधपुर में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि राजस्थान एक परिवार है, हम सबका परिवार है। इसमें सभी धर्म और जाति के लोग आराम से प्यार से रहें, एक खुशहाली का वातावरण हो। अगर हम लड़ेंगे और अलग होंगे तो प्रॉब्लम होगी, साथ रहेंगे तो प्रदेश समृद्ध होगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने जोधपुर दौरे के दौरान मीडिया से यह बात कही।

मेरी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत बाबा रामसा पीर के दर्शन से हुई थी। मुझे पहला आशीर्वाद उन्हीं ने दिया था। इसके बाद सभी समाज के लोगों का आशीर्वाद मिला। मैं चुनाव जीती और कारवां आगे बढ़ता गया।

मैं यकीन से कह सकती हूं कि रामसा पीर में हर किसी के मन की इच्छा हमेशा पूरी होती है। कभी-कभी ऐसा हो सकता है कि थोड़ा समय लग जाए, मगर विश्वास रखेंगे तो पूरी जरूर होती है। समस्या तब होती है, जब लोग विश्वास रखना छोड़ देते हैं। विश्वास हमेशा दृढ़ होना चाहिए और कभी डगमगाना नहीं चाहिए।

**खेजड़ली मेले और तेजा दशमी से जुड़ी है आस्था**

राजे ने खेजड़ली मेला, तेजा दशमी और रामदेवरा बाबा के मेले का जिक्र करते हुए कहा- ये सामाजिक एकता के साथ सबके कल्याण का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि इन धार्मिक अवसरों पर उनकी प्रार्थना है कि राजस्थान मजबूत, सुखी और समृद्ध बने और सब लोग खुश रहें।

**मेरा उद्देश्य जनता की सेवा**

पूर्व सीएम ने कहा कि ईश्वर के चरणों में सिर झुकाने से मन की इच्छा और कामना पूरी होती हैं। उन्होंने कहा- मेरा उद्देश्य हमेशा जनता की सेवा और राजस्थान के विकास की राह को आगे बढ़ाना रहा है। उन्होंने प्रदेश की शांति, समृद्धि और भाईचारे की कामना भी की।

**वसुंधरा के बयान के मायने**

राजे के हम लड़ेंगे तो प्रॉब्लम होगी वाले बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। क्या यह भाजपा में अंदरूनी खींचतान का संकेत है। राजे के मारवाड़ दौरे के दौरान उनसे मिलने वाले नेताओं-जनप्रतिनिधियों पर भी खुफिया तंत्र की नजर बनी हुई है।



## सीवरेज संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिये शिविरों का होगा आयोजन

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी के निर्देशन में नगर परिषद कोटपूतली द्वारा प्रगतिरत सीवरेज कार्य के सम्बन्ध में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिये विशेष षिविरों का आयोजन किया जायेगा। नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद ने बताया कि 03 से 11 सितम्बर तक विभिन्न वार्डों में कैम्प लगाये जायेगें। इनमें वार्ड 18 से 21 के लिये 03 सितम्बर, वार्ड 22 से 25 के लिये 04 सितम्बर, वार्ड 26 से 29 के लिये 08 सितम्बर, वार्ड 30 से 33 के लिये 09 सितम्बर, वार्ड 34 से 37 के लिये 10 सितम्बर तथा वार्ड 38 से 40 के लिये 11 सितम्बर को कैम्प आयोजित होंगे।

## बाबा रामदेव जयंती धूमधाम से मनाई धूमधाम से निकली बाबा रामदेव की शोभायात्रा



**बढ़ता राजस्थान**

**दातारामगढ़ (हनुमान सिंह बुरानियां)।** बाय कस्बे में बाबा रामदेव की जयंती पढ़ाई धूमधाम से मनाई गई। इच्छापूर्ण बालाजी धाम से शोभा यात्रा में कस्बे के बनाथला स्टैंड,गोगाजी चौक,दशहरा मैदान,कबूतर चौक,लक्ष्मीनाथ चौक,मुख्य बाजार,टंकी स्टैंड होते हुए डीजे के साथ धूमधाम से नाचते गाते हुए शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा और नाश्ता पानी की व्यवस्था की गई।इस दौरान पुजारी रामू महाराज,बाबूलाल कामड,मास्टर बोदूराम,अशोक सूद,पवन ड्मौलिया,सुदर्शन वर्मा,सुभाष डमोलिया,पंचायत समिति सदस्य नीतू जोली,केशर मल गोठवाल,रमेश गोठवाल,अविनाश, झाबर मल थोरी,श्रवण लौरा,सुरेश जोली,हंसराज कुमावत साहित सैकड़ो महिलाएं एवं धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

# केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा राजस्थान के सोतानाला

**बढ़ता राजस्थान**

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान के सोतानाला, केशवाना और बहरोड़ औद्योगिक एवं आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक प्रदूषण से संबंधित समस्याओं के निवारण के उद्देश्य से माननीय केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने एक विशेष समीक्षा बैठक बुलाई। इस बैठक में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, जिला प्रशासन और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



सोतानाला, केशवाना और बहरोड़ औद्योगिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं निकटवर्ती गाँवों के प्रतिनिधि भी बैठक में उपस्थित रहे। अपशिष्ट एवं जल प्रदूषण से संबंधित स्थानीय समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए माननीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने अधिकारियों को एक विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए। यह भी उल्लेख किया कि विस्तृत योजना भविष्य में होने वाले औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार की जाए, जिसमें उन्नत तकनीकों के माध्यम से ठोस अपशिष्ट एवं उद्योगों के प्रदूषित जल को कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट आदि के माध्यम से उपचारित कर अधिकतम पुनः उपयोग में लाया जाए। औद्योगिक इकाइयों को नियमों और प्रावधानों के सख्ती से अनुपालन पर जोर देते हुए, मंत्री जी ने नियामक एजेंसियों को निर्देश दिया कि उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर सख्त कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से औद्योगिक क्षेत्रों के त्वरित मूल्यांकन के आधार पर समस्याओं एवं उनके तकनीकी समाधान पर उपाय सुझाए गए। औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ आसपास के गाँवों एवं रिहायशी क्षेत्रों में स्वच्छता, सुधार और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए समयबद्ध कार्य किए जाने पर भी बल दिया गया। बैठक में चर्चित विषय इन क्षेत्रों के बहुआयामी विकास के लिए निर्णायक रहेंगे।

## युवाओं की नशे के खिलाफ हुंकार

**खाजूवाला (दलीप नोखवाल)।** खाजूवाला मण्डी में नशे और चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं को लेकर युवाओं ने आवाज बुलंद करने का फैसला किया है। बुधवार को रोडवेज बस स्टैण्ड से बड़ी संख्या में युवा एकत्रित होकर रैली के रूप में बाजार के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए उपखण्ड कार्यालय पहुंचेंगे और वहां प्रदर्शन कर उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपेंगे।

आयोजनकर्ता कमलेश बिश्नोई ने कहा कि समाज में फैल रही नशे की बुराई और चोरी की घटनाएं चिंता का विषय बन चुकी हैं। यदि समय रहते इसका विरोध नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ी इसके दुष्परिणामों से जूझेगी। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि बुधवार सुबह 11 बजे रोडवेज बस स्टैण्ड पर अवश्य पहुंचें और नशे के खिलाफ अपनी एकजुटता का परिचय दें।

कमलेश बिश्नोई ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए नशे को जड़ से मिटाना बेहद जरूरी है और इसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि खाजूवाला के युवा अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस रैली को सफल बनाएंगे और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को मजबूती देंगे।

## दिल की बीमारियों से बचाव और सुरक्षा पर एनआईए जयपुर में 15 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन



**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर,(का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (एनआईए) जयपुर के आयुर-योगा प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी विभाग में 15 दिवसीय शॉर्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम इन इंटीग्रेटिव प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को दिल की बीमारियों से बचाव और सुरक्षा के लिए आधुनिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों का समन्वित ज्ञान उपलब्ध कराना रहा। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर इंटरडिसिप्लिनरी डीन प्रो. सर्वेश अग्रवाल, विभागाध्यक्ष प्रो. एच.एम.एल. मीणा, प्रो. रामकिशोर जोशी, प्रो. उदयराज सरोज, डॉ. हरीश भाकुनी, डॉ. प्रवीन सावंत, डॉ. दीप्ति बिष्ट, डॉ. अभिषेक उपाध्याय, डॉ. भरत पाठर, डॉ. अक्षय सोलंकी सहित कई वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को दिल की बीमारियों से बचाव, समय पर पहचान और उपचार के तरीकों की जानकारी दी।

विशेषज्ञों द्वारा पंचकर्म चिकित्सा की जानकारी देने के साथ हृदय रोगों से समय पर बचाव करने के लिए जीवन शैली को सुधारने हमारे दैनिक खान-पान को सही करने, नियमित व्यायाम और योग से जुड़ी जानकारी दी। प्रतिभागियों ने क्रियाशरीर विभाग की अत्याधुनिक लैब, रचना शारीर विभाग और सिमुलेशन लैब का दौरा किया। उन्हें ईसीजी, टीएमटी जैसे आधुनिक उपकरणों से होने वाली हृदय रोगों की जांच के विषय में जानकारी दी गई। बेसिक लाइफ सपोर्ट तकनीक, योगाभ्यास, केस स्टडी और इंटरएक्टिव सत्रों के माध्यम से व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

# कोटपूतली-बहरोड़ जिले में हाईवे पर लेन सिस्टम होगा लागू

**बढ़ता राजस्थान**

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली शहर के आकाशवाणी स्टूडियो में हाल ही में हाईवे पर लेन मैनेजमेंट और यातायात सुधार पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईपीएस देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि राजस्थान में कोटपूतली-बहरोड़ जिले को सबसे पहले हाईवे पर लेन सिस्टम लागू करने के लिए चुना गया है। जागरूकता अभियान और सुरक्षित यात्रा आईपीएस देवेंद्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि इस नई व्यवस्था को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए पुलिस प्रशासन विभिन्न संगठनों, जैसे ट्रांसपोर्टर,



स्कूल और परिवहन विभाग के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चला रहा है। इन बैठकों में हाईवे पर सुरक्षित यात्रा के महत्व और लेन सिस्टम के नियमों को विस्तार से समझाया जा रहा है। उन्होंने हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं के कारणों पर भी प्रकाश डाला और नए लेन सिस्टम से होने वाले सुधारों के बारे में जानकारी दी।साक्षात्कार का प्रसारण इस परिचर्चा के दौरान, आकाशवाणी के उद्घोषक विकास वर्मा और कार्यक्रम अधिकारी दिनेश पटवा ने पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार बिश्नोई के साथ विस्तृत चर्चा की।

# धूमधाम से सम्पन्न हुआ बाबा रामदेव का मेलाका

**बढ़ता राजस्थान**

**खाजूवाला (दलीप नोखवाल)।** लोक देवता बाबा रामदेवजी का वार्षिक मेला क्षेत्र में आस्था और उल्लास का प्रतीक बनकर धूमधाम से सम्पन्न हुआ। खाजूवाला, दंतौर, पूगल और छत्तरगढ़ सहित आसपास के गांवों व ढाणियों से हजारों श्रद्धालु मेले में पहुंचे और बाबा के चरणों में धोक लगाकर शीश नवाया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर क्षेत्र में अमन-चैन और खुशहाली की मनौतियां मांगीं। मेले में प्रसाद, खिलौनों और मनिहारी की दुकानों पर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की खरीददारी से रौनक बनी रही। बच्चों ने खिलौनों की जमकर खरीददारी की तो वहीं महिलाएं घरेलू उपयोग की वस्तुओं के प्रति आकर्षित रहीं। मेला परिसर में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस बार भी पहलवानों की कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें पहलवानों ने दमखम दिखाते हुए दांव-पेंच आजमाए। कुश्ती देखने वालों में भारी उत्साह देखने को मिला और दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। बाबा रामदेव मंदिर ट्रस्ट समिति और जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थाओं के सेवादारों ने जल सेवा कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

# तेजा दशमी पर हुए अनेक कार्यक्रम

**बढ़ता राजस्थान**

**रींगस (नि.स.)।** कस्बे सहित आसपास के गांवों में मंगलवार को तेजा दशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तेजाजी मंदिरों में विशेष भजन कीर्तन व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया व तेजाजी की बंदोरियां निकाली गई। रींगस कस्बे के देव नगर स्थित प्राचीन तेजाजी मंदिर में मेले का आयोजन हुआ। भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर मनोकामनाएं मांगी। मंदिर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कस्बे के आदर्श नगर स्थित तेजाजी मंदिर में भी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर पुजारी भरतराम सारन ने बताया कि मंदिर में दिन में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। नाम में रात्रि में विशाल भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें बाहरी कलाकारों ने एक से बढक़र एक तेजाजी के भजनों की प्रस्तुतियां दी। तेजाजी के भजनों पर सभी भक्त झूम उठे। कार्यक्रम में खंडेला विधायक सुभाष मील की पत्नी सुनीता मील सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।




गौसेवा

# श्री श्याम सलोना सेवा समिति ने समर्पित की 14वीं चारे की गाड़ी गौसेवा को दिया दृढ़ संकल्प का रुप

**बढ़ता राजस्थान**

**चौमूं (दिनेश कुमार कुमावत)।** गौसेवा के पुनीत उद्देश्य को लेकर निरंतर कार्यरत श्री श्याम सलोना सेवा समिति, चौमूं द्वारा गौसेवा महाअभियान के अंतर्गत 14वीं चारे की गाड़ी श्री कृष्ण गोपाल गो चारा सेवा फाउंडेशन, चौमूं को समर्पित की गई।

यह समिति द्वारा गौसेवा हेतु किया गया 14वां सहयोग है, जिसे भविष्य में और अधिक व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा।

इस अवसर पर चौमूं थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा, डॉ. विनोद अग्रवाल, पार्षद कन्हैया लाल थावरिया, दिलीप अग्रवाल, जुगल किशोर अनिल जैन सहित समिति के सदस्य एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




कार्यक्रम के संयोजक कमल अग्रवाल एवं मुकेश खुटेटा ने जानकारी दी कि समिति का उद्देश्य समय-समय पर प्रत्येक ज़रूरतमंद गौशाला तक चारा व अन्य आवश्यक संसाधन पहुँचाना है, ताकि गौमाताओं को उचित देखभाल व पोषण मिल सके।

इस अवसर पर समिति ने चौमूं क्षेत्र में गौसेवा को और अधिक गति देने का संकल्प दोहराया। साथ ही आमजन से भी आह्वान किया गया कि वे आगे आकर गौसेवा एवं गौसंरक्षण के इस पुण्य कार्य में सहभागिता करें।

संस्था से अनिल दुसाद, मनीष कुमार गोयल, मुकेश खुटेटा, विकास शर्मा, मुकेश जांगिड़, दिनेश अग्रवाल, सुरेंद्र यादव विक्रम वशिष्ठ, पिंटू अग्रवाल, संदीप मोदी, विनोद पारीक, प्रियांशु झालानी, दीपक शर्मा, आशीष बुनकर, राकेश सेन, रमेश बजाज, प्रकाश खंडेलवाल, दीनदयाल पारीक, मुकेश बागड़ा, जितेंद्र झालानी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

**सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड**
**Cent Bank Home Finance Limited**
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनुषंगी Subsidiary of Central Bank of India

**परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]**
**(कब्जा नोटिस)**
**अचल संपत्ति के लिए**

हस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट-2002 के अधीन जो कि **सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड जोधपुर, शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के साथ पठित धारा 13 (12) के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को एक नोटिस में वर्णित राशि एवं अंकित दिनांक से ब्याज एवं अन्य प्रभार, सूचना की प्राप्ति की दिनांक से **60 दिन** के भीतर **सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड, जोधपुर,** को प्रतिदाय करने की मांग करने के लिये जारी किया। अधोलिखित ऋणी द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर उधार लेने वाले ऋणी,जमानतदार और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत नियम 8 मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले ऋणी /जमानतदार एवं विशिष्ट रूप से जनसाधारण को इस के द्वारा चेतावनी दी जाती है की इस संपत्ति के संबंध में व्यवहार न करें एवं संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यवहार **सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड, जोधपुर,** के खाते के आगे वर्णित राशि के बाद ब्याज एवं अन्य प्रभार के अधीन होगा।

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम और खाता संख्या | अचल संपत्ति का विवरण | तिथि: एन.पी.ए की / 13(2) नोटिस की / भौतिक कब्जा | मांग सूचना में राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| **श्री लक्ष्मण दास पुत्र श्री मांगीलाल (आवेदक) श्रीमती खुशबू पत्नी श्री लक्ष्मण दास (सह-आवेदक) खाता क्रमांक:- : 02204010000891** | पट्टा संख्या 35, मिसल संख्या 202, खसरा संख्या 766, ग्राम पंचायत लूणी, **जिला जोधपुर राजस्थान-342001, श्री लक्ष्मण दास पुत्र श्री मांगीलाल के नाम संपत्ति, क्षेत्रफल 164.00 वर्ग गज, चतुर्सीमा:- पूर्व**- श्री ओमा राम / हेमा राम का प्लॉट, **पश्चिम**- समाधियां (स्वामी की जाति), **उत्तर**- रास्ता, **दक्षिण**- सार्वजनिक सभा भवन | 08.06.2025 / 10.06.2025 / 29.08.2025 | 47,81,032/- + ब्याज एवं अन्य शुल्क |

**स्थान : जोधपुर, दिनांक : 02.09.2025** **प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड, जोधपुर**

**शाखा: कार्यालय संख्या 2, द्वितीय तल, श्री नारायणम, अपर चोपासनी रोड, बॉम्बे मोटर सर्कल के पास, जोधपुर, राजस्थान- 342003**

सम्पादकीय

## पीएम का ट्रंप को संदेश

प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका और राष्ट्रपति ट्रंप का नाम नहीं लिया, लेकिन संरक्षणवाद, एकाधिकारवाद और वर्चस्ववाद के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने इनके खात्मे की बात कही, क्योंकि वैश्विक, लोकतांत्रिक, कूटनीतिक व्यवस्था में ये उचित नहीं हैं। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी का संदेश 'व्हाइट हाउस' तक पहुंच गया होगा, क्योंकि प्रधानमंत्री ने अमरीका की नीतियों पर कड़े प्रहार किए थे। इसके अलावा, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि अमरीका को शीत युद्ध वाली मानसिकता छोड़ देनी चाहिए। अमरीका दूसरे देशों को धमकाना भी छोड़ दे। विश्व के परिदृश्य और समीकरण बदल रहे हैं। सोमवार, 1 सितंबर, 2025 का सबसे महत्वपूर्ण और आकर्षक चित्र मोदी, पुतिन, जिनपिंग की अंतरंग मुलाकात का रहा, जिसे क्रेमलिन और बीजिंग ने भी जारी किया। भारत के टीवी चैनलों पर सुबह के प्रसारण में यह वीडियो छाया रहा। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की द्विपक्षीय वार्ता भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि मोदी, पुतिन, जिनपिंग की मुलाकात संक्षिप्त थी, लेकिन 'व्हाइट हाउस' को चौंका दिया गया। बेशक भारत और रूस कई दशक पुराने 'मित्र देश' हैं, लेकिन भारत-चीन के संबंधों में कई विरोधाभास और विश्वासघात हैं। उनके बावजूद 'शंघाई सहयोग संगठन' (एससीओ) के मंच पर तीन शीर्ष नेताओं की दोस्ती के नए अध्याय ने बहुत कुछ कह दिया है।

हालांकि 50-52 साल के राजनय का अनुभव रखने वाले कूटनीतिज्ञों का मानना है कि एससीओ कभी भी नाटो का विकल्प नहीं हो सकता। नाटो में कई बड़े देश शामिल हैं और उसे अमरीका जैसी महाशक्ति का समर्थन भी हासिल है। नाटो का संकल्प है कि यदि एक सदस्य-देश पर हमला हुआ, तो उसका प्रतिकार सभी नाटो देश लेंगे। सभी सदस्य-देश युद्ध में कूद पड़ेंगे। नाटो के देश आपस में कई सूचनाएं (खुफिया भी) साझा करते हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से भी जुड़े रहते हैं, लेकिन एससीओ में भारत, रूस, चीन के अलावा अधिकांश देश छोटे और विकासशील हैं। कुछ देश गरीब भी हैं, जिनकी जिंदगी कर्ज के भरोसे है। एससीओ में ऐसा कोई साझा संकल्प पारित नहीं किया गया है, जैसा नाटो के देशों ने पारित किया है। राजनयिकों का मानना है कि यदि भारत, रूस, चीन का एक 'ईमानदार त्रिकोण' बनता है, तो वह अमरीका के लिए वाकई गंभीर चुनौती होगा, लेकिन इन देशों को हकीकत में संबंधों को बदलते और प्रगाढ़ होते दिखाना होगा। फिलहाल कोई बड़ी उम्मीद नहीं करनी चाहिए। बहरहाल यह सबसे अधिक आश्चर्यजनक रहा, जब चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद का विरोध किया। उन्होंने आतंकवाद का तीन बार उल्लेख किया और 5000 जवानों का 'आतंकवाद निरोधी दस्ता' तैयार करने की पेशकश की। प्रधानमंत्री मोदी ने 7 बार आतंकवाद का जिक्र किया।

इसी मुद्दे पर एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक में 'साझा बयान' तैयार नहीं किया जा सका था, क्योंकि आतंकवाद का मुद्दा गायब था और हमारे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया था। अब जिनपिंग ने आतंकवाद का मुद्दा खास तौर पर रखा है, बल्कि आतंकवाद पर भारत का सहयोग करने का आश्वासन भी दिया है। दुनिया जानती है कि चीन और पाकिस्तान के संबंध कैसे हैं? 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद हमारे उप सेना प्रमुख जनरल राहुल आर. सिंह ने एक सार्वजनिक मंच से कहा था कि पाकिस्तान के साथ लड़ाई दिखावटी थी। हालांकि हमें चीन से संघर्ष करना पड़ा था और हमने चीन को भी पराजित करके दिखाया। पाकिस्तान पर चीन का अरबों डॉलर का कर्ज है।

# ट्रंप का 'टैरिफ-अस्त्र'-क्या भारत, चीन और रूस का 'त्रिशूल' बदलेगा वैश्विक व्यापार की बिसात?



डॉ नयन प्रकाश गांधी

युवा मैनेजमेंट विश्लेषक पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि इसी परिप्रेक्ष्य में, अब एक ऐतिहासिक अवसर बन रहा है जहाँ भारत, चीन और रूस के साथ मिलकर एक शक्तिशाली त्रिपक्षीय धुरी का निर्माण कर सकता है, जिसका मुख्य उद्देश्य ट्रंप प्रशासन की एकतरफा टैरिफ नीतियों और व्यापार युद्ध जैसी आक्रामक कार्रवाइयों का एकजुट होकर मुकाबला करना है। इस संभावित गठबंधन की नींव साझा हितों पर टिकी है; तीनों ही देश अमेरिकी टैरिफ से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हैं

ट्रंप प्रशासन की टैरिफ नीति का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी उद्योगों को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाना और व्यापार घाटे को कम करना है। चीन के साथ एक पूर्ण विकसित 'ट्रेड वॉर' छेडने के अलावा, अमेरिका ने भारत और रूस सहित कई देशों से स्टील, एल्युमीनियम और अन्य उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाए हैं ।

भारत पर प्रभाव- भारत के स्टील और कृषि उत्पादों को अमेरिकी बाजार में नुकसान उठाना पड़ रहा है। जवाबी कार्रवाई में भारत ने भी कुछ अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाया है, लेकिन एक स्थायी समाधान की आवश्यकता है।

चीन पर प्रभाव- चीन इस टैरिफ युद्ध का सबसे बड़ा निशाना है। प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं पर लगाए गए टैरिफ ने उसकी अर्थव्यवस्था पर दबाव डाला है।

रूस पर प्रभाव- रूस, जो पहले से ही कई अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, के लिए ये टैरिफ आर्थिक दबाव को और बढ़ाते हैं, खासकर ऊर्जा और धातु क्षेत्र में।

रणनीतिक समाधान-क्रढ्ढष्ट का संयुक्त मोर्चा - एक पॉलिसी फ्रेमवर्क

इन एकतरफा कार्रवाइयों का मुकाबला करने के लिए एक समन्वित त्रिपक्षीय रणनीति सबसे प्रभावी हो सकती है। इसके निम्नलिखित प्रमुख स्तंभ होने चाहिएः

### 1. कूटनीतिक और बहुपक्षीय दबाव

ङ्ख्ञ्जह्र में संयुक्त मोर्चा - भारत, चीन और रूस को ङ्ख्ञ्जह्र के विवाद समाधान निकाय में अमेरिका के खिलाफ एक संयुक्त मामला दर्ज करना चाहिए। यह कदम अमेरिका पर कानूनी और नैतिक दबाव बनाएगा, भले ही प्रक्रिया लंबी हो।

जी20 और क्चक्रढ्ढष्टस् का उपयोग- इन मंचों पर एक संयुक्त बयान जारी कर एकतरफा टैरिफ की निंदा की जानी चाहिए और



नियम-आधारित व्यापार प्रणाली को बनाए रखने की वकालत की जानी चाहिए। इससे अन्य विकासशील देशों को भी इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### 2. समन्वित आर्थिक जवाबी कार्रवाई

'स्मार्ट टैरिफ' की रणनीतिःतीनों देशों को मिलकर उन अमेरिकी उत्पादों की सूची बनानी चाहिए जिन पर समन्वित रूप से जवाबी टैरिफ लगाया जा सके। लक्ष्य अमेरिकी अर्थव्यवस्था के उन क्षेत्रों पर दबाव डालना होना चाहिए जो राजनीतिक रूप से संवेदनशील हैं, जैसे कृषि और विनिर्माण।

गैर-टैरिफ बाधाओं का प्रयोग- उत्पादों के लिए मानकों, लाइसेंसिंग और गुणवत्ता जांच को सख्त करके भी अमेरिकी सामानों के आयात को नियंत्रित किया जा सकता है, जो ङ्ख्ञ्जह्र के नियमों के दायरे में रहकर किया जा सकता है।

### 3.डॉलर-मुक्त व्यापार तंत्र का निर्माण :

राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापारःयह सबसे दूरगामी और प्रभावी कदम हो सकता है। भारत (रुपया), रूस (रूबल) और चीन (युआन) को अपने द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय व्यापार के लिए एक साझा भुगतान प्रणाली विकसित करनी चाहिए।

डिजिटल करेंसी सहयोग- तीनों देश अपनी-अपनी सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी के बीच अंतर-संचालन पर काम कर सकते हैं ताकि अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को मौलिक रूप से कम किया जा सके। यह अमेरिकी वित्तीय प्रणाली की प्रतिबंध लगाने की क्षमता को भी कमजोर करेगा।

### 4. आपूर्ति श्रृंखला का विविधीकरण

क्रढ्ढष्ट+मॉडलः तीनों देशों को अपने व्यापार और निवेश को एक-दूसरे के साथ और अन्य मित्र देशों (जैसे ईरान, मध्य एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के देश) की ओर मोडऩा चाहिए। इससे अमेरिका पर निर्भरता कम होगी और एक वैकल्पिक आर्थिक ब्लॉक का निर्माण होगा।

वैश्विक मंच पर बदलते शक्ति संतुलन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों से उत्पन्न आर्थिक अनिश्चितता के बीच, भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनी कूटनीतिक सक्रियता से एक निर्णायक भूमिका निभाने का संकेत दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की हालिया सफल विदेश यात्राएं केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह एक बड़े रणनीतिक दृष्टिकोण का हिस्सा हैं, जहाँ भारत एक स्थिर और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था के सूत्रधार के रूप में उभर रहा है। युवा मैनेजमेंट विश्लेषक पब्लिक पॉलिसी एक्सपर्ट डॉ नयन प्रकाश गांधी का मानना है कि इसी परिप्रेक्ष्य में, अब एक ऐतिहासिक अवसर बन रहा है जहाँ भारत, चीन और रूस के साथ मिलकर एक शक्तिशाली त्रिपक्षीय धुरी का निर्माण कर सकता है, जिसका मुख्य उद्देश्य ट्रंप प्रशासन की एकतरफा टैरिफ नीतियों और व्यापार युद्ध जैसी आक्रामक कार्रवाइयों का एकजुट होकर मुकाबला करना है। इस संभावित गठबंधन की नींव साझा हितों पर टिकी है; तीनों ही देश अमेरिकी टैरिफ से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हैं और तीनों ही एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के पक्षधर हैं, जहाँ किसी एक देश का आधिपत्य न हो। इस संयुक्त "आर्थिक युद्ध" की रणनीति कई स्तरों पर काम कर सकती हैः सबसे पहले, कूटनीतिक मोर्चे पर, तीनों देश विश्व व्यापार संगठन (ङ्ख्ञ्जह्र), त्र20 और ब्रिक्स (क्चक्रढ्ढष्टस्) जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक समन्वित आवाज उठा सकते हैं, ताकि अमेरिका पर अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने के लिए नैतिक और कानूनी दबाव बनाया जा सके। दूसरा, और सबसे महत्वपूर्ण, आर्थिक मोर्चे पर यह तिकड़ी एक जवाबी कार्रवाई के तहत अमेरिकी वस्तुओं पर समन्वित रूप से 'स्मार्ट टैरिफ' लगा सकती है, जिसका असर सीधे उन अमेरिकी उद्योगों पर पड़ेगा जो राजनीतिक रूप से संवेदनशील हैं। इससे भी आगे बढक़र, यह गठबंधन डॉलर-मुक्त व्यापार तंत्र को गति दे सकता है, जहाँ रुपया, रूबल और युआन में आपसी व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा, जो अमेरिकी डॉलर के वैश्विक प्रभुत्व को सीधी चुनौती देगा और भविष्य में अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करेगा। निस्संदेह, भारत-चीन के बीच सीमा विवाद जैसी आंतरिक चुनौतियाँ इस एकता के मार्ग में बाधक हैं, लेकिन ट्रंप की नीतियों से उत्पन्न साझा खतरा इन देशों को सामरिक मतभेदों से ऊपर उठकर एक साझा न्यूनतम कार्यक्रम पर सहमत होने के लिए प्रेरित कर सकता है। इस त्रिपक्षीय नीति के मार्ग में कई चुनौतियाँ हैं। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद एक प्रमुख बाधा है। इसके अलावा, तीनों देशों के आर्थिक मॉडल और राजनीतिक प्रणालियों में भी अंतर है। इन मतभेदों को दूर करने के लिए उच्च स्तरीय राजनीतिक इच्छाशक्ति और रणनीतिक दूरदर्शिता की आवश्यकता होगी।हालांकि, साझा आर्थिक हित इन मतभेदों पर हावी हो सकते हैं। ट्रंप की संरक्षणवादी नीतियां इन तीनों देशों को एक साथ आने का एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान करती हैं।

# हिंदुत्व, भारतीयता और धर्म के आधार पर वैचारिकता को साधता संघ



रामस्वरूप रावतसरे

भागवत ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम दुनिया से रिश्ते तोड़ दें। अंतरराष्ट्रीय व्यापार जरूरी है, लेकिन वह दबाव में नहीं, स्वेच्छा से होना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने दिल्ली में हिंदुत्व, भारतीयता और धर्म के मोल को लेकर गहरी बातें कही। उन्होंने संघ के 100 साल पूरे होने के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखे। भागवत ने साफ कहा कि संघ का रास्ता लालच या पुरस्कार का नहीं, बल्कि सत्य, प्रेम और राष्ट्रहित का है। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व और भारतीयता का असली मतलब है अपने देश और समाज को मजबूत करना, लेकिन दुनिया से कटना नहीं।

मोहन भागवत के अनुसार 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने विजयदशमी के दिन संघ की नींव रखी थी। उनका सपना था कि हिंदू समाज संगठित हो और हर व्यक्ति राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे। संघ का काम सात्विक प्रेम और आत्मीयता पर टिका है। इसमें कोई लालच नहीं है। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, संघ में आओगे तो कुछ मिलेगा नहीं, जो है वो भी चला जाएगा। यानी स्वयंसेवक सिर्फ इसलिए काम करते हैं क्योंकि उन्हें अपने देश और समाज की सेवा में सुकून मिलता है। उनका ध्येय है आत्मनो मोक्षार्थं जगत् हिताय च, यानी अपनी आत्मा की मुक्ति और विश्व कल्याण के लिए। संघ का लक्ष्य पूरे हिंदू समाज को एकजुट करना है। भागवत ने कहा कि यह काम आसान नहीं है। इसके लिए हर व्यक्ति को उसकी स्थिति के हिसाब से देखना होगा, चाहे वह दोस्ती का भाव हो, करुणा का या फिर उपेक्षा का। संघ का हर स्वयंसेवक बिना किसी पुरस्कार की उम्मीद के काम करता है। यही भावना संघ को खास बनाती है। भागवत ने साफ किया कि संघ का काम सिर्फ हिंदुओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज और विश्व के कल्याण के लिए है।

भागवत ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम दुनिया से रिश्ते तोड़ दें। अंतरराष्ट्रीय व्यापार जरूरी है, लेकिन वह दबाव में नहीं, स्वेच्छा से होना चाहिए। स्वदेशी का मतलब है अपने देश में बनी चीजों को तरजीह देना। अगर हमारे देश में कार बनती है, तो बाहर से क्यों खरीदें? जो चीजें देश में उपलब्ध हैं, उन्हें आयात करने की जरूरत नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे घरों में भाषा, खान-पान, वेशभूषा और पूजा-



पद्धति भारतीय होनी चाहिए। यह हमारी संस्कृति और पहचान को मजबूत करता है। लेकिन उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अगर कोई धार्मिक अपमान होता है, तो हिंसा या टायर जलाना इसका हल नहीं है। ऐसी स्थिति में कानून और प्रशासन का सहारा लेना चाहिए। भागवत ने समाज में बढ़ रहे सात सामाजिक पापों का भी जिक्र किया, जैसे बिना मेहनत के धन कमाना और सिद्धांतों के बिना राजनीति करना। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत ही सशक्त भारत का आधार बनेगा। मोहन भागवत ने वैश्विक हालात पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद भी दुनिया में शांति नहीं आई। संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठन भी स्थाई समाधान नहीं दे पाए। आज दुनिया कट्टरपन और असहिष्णुता की चपेट में है। भागवत ने कहा कि तीसरा विश्वयुद्ध भले ही पुराने युद्धों जैसा न हो, लेकिन माहौल उतना ही खतरनाक है। कट्टर सोच वाले लोग न सिर्फ अपने विरोधियों को दबा रहे हैं, बल्कि 'कैंसिल कल्चर' को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इससे समाज और देशों के बीच खाई बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया के बड़े नेता भी इस स्थिति से चिंतित हैं। चर्चाएँ तो बहुत होती हैं, लेकिन कोई स्थाई हल नहीं निकलता। भागवत ने जोर देकर कहा कि अगर सभी लोग सिर्फ उपभोग और स्पर्धा के पीछे भागेंगे, तो दुनिया नष्ट होने की कगार पर पहुंच जाएगी। उन्होंने भारतीय दृष्टिकोण को दुनिया की जरूरत बताया, जिसमें 'सबका भला' की सोच है। मोहन भागवत ने धर्म की सही परिभाषा बताई। उन्होंने कहा, "धर्म का मतलब सिर्फ पूजा-पाठ नहीं है। धर्म वह मार्ग है, जो इंसान को संतुलन और मोक्ष की ओर ले जाता है।" उन्होंने साफ किया कि धर्म में कन्वर्जन या धर्म परिवर्तन का कोई स्थान नहीं है। धर्म का काम है समाज को जोडऩा, न कि बाँटना। भागवत ने कहा कि भारतीय दृष्टिकोण ही दुनिया को एकजुट कर सकता है। अगर विश्व को स्थायी शांति चाहिए, तो धर्म के संतुलन को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि भारत एक प्राचीन देश है। इसके नागरिकों को ऐसा जीवन जीना होगा कि दुनिया के लोग भारत से जीवन का ज्ञान लेने आएं। यही भारत का असली योगदान है। भागवत ने जोर देकर कहा कि हिंदुत्व का आधार सत्य और प्रेम है। यह सात्विक प्रेम ही संघ का मूल है, और यही सोच विश्व को शांति दे सकती है। भागवत ने हिंदुत्व को भारतीयता का पर्याय बताया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व सिर्फ एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है। यह सत्य, प्रेम और करुणा पर आधारित है। हिंदुत्व का मतलब है सभी को साथ लेकर चलना, न कि किसी को दबाना। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति हमेशा से समावेशी रही है। यही वजह है कि संघ का काम सिर्फ हिंदुओं तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे समाज और विश्व के कल्याण के लिए है। भागवत ने यह भी कहा कि आज दुनिया में जो तनाव और अशांति है, उसका जवाब भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व में है। भारत का दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी पूरी दुनिया एक परिवार है।

अशोक भाटिया

## जरांगे के मराठा आंदोलन के कारण बार - बार चरमराती यातायात व्यवस्था

बहरहाल महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई मराठा आंदोलन की वजह से थम सी गई है। हजारों आंदोलनकारियों की वजह से रेल और सडक़ यातायात चरमरा गई है। सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए मनोज जरांगे के आंदोलन पर शर्तें लगा दी थी । हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि आंदोलनकारियों को मंगलवार दोपहर तक मैदान खाली करना होगा और सडक़ों पर यातायात सामान्य स्थिति में लौटनी चाहिए।हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान आदेश दिया कि मंबई में आंदोलन स्थल पर पांच हज़ार से ज्यादा आंदोलनकारी नहीं रह सकते। बाकियों को वहां से हटना होगा। ये मामला गंभीर है और मुंबई शहर लगभग ठप हो चुका है।

जरांगे का मराठा आंदोलन का आज पांचवा दिन है। कल प्रदर्शनकारियों की वजह से कई इलाकों की यातायात व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई। प्रदर्शनकारियों के कारण सीएसएमटी, फोर्ट, चर्चगेट और मंत्रालय इलाके में हजारों की भीड़ जमा हो गई।डॉ। डीएन रोड पूरी तरह बंद रही, केवल जे।जे। ब्रिज के जरिए डायवर्जन मिला। महापालिका मार्ग, बीएमसी मुख्यालय और सीएसएमटी सबवे तक जाने वाले रास्ते बंद कर दिए गए। मेट्रो जंक्शन से बॉम्बे जिमखाना के बीच सिंगल लेन से ही ट्रैफिक चला, जिससे जाम की स्थिति रही। मरीन ड्राइव से मंत्रालय और विधान भवन जाने वाले सभी रास्ते ब्लॉक कर दिए गए।

बताया जाता है कि मराठा प्रदर्शनकारी आज विसर्जन के बाद बड़ी संख्या में मुंबई के लिए रवाना हो सकते हैं।।। गांव कम हो जाएंगे और जरांगे पाटिल के समर्थन में मुंबई आएंगे। विशेष रूप से महिला वर्ग में बड़ी संख्या में आने की संभावना है। मराठा प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में अपने गांव छोड़ेंगे। आज सुबह भी प्रदर्शनकारी बड़ी संख्या में जरांगे पाटिल से मिलने के लिए इक_I हुए ।

जानकारों का कहना है कि जरांगे और उनके समर्थकों का 'मुंबई दर्शन' दौरा काफी हद तक सत्ता हथियाने का कारण रहा है । उच्च-अप और राज्य की पुलिस की अक्षमता के बीच मतभेदों ने शहर को खड़ा कर दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यह नहीं समझते हैं कि जिन आंदोलनों का कोई निश्चित अंत नहीं है, कोई दृढ़ और विचारशील नेतृत्व नहीं है, वे हाथ से बाहर नहीं जाना चाहते हैं। अब भी ऐसा नहीं है। राधाकृष्ण विखे पाटिल को जरांगे के साथ बातचीत करने के लिए कहा गया था ताकि उन्हें मुंबई के बाहर रोका जा सके। विखे पाटिल इस उद्देश्य के लिए कैबिनेट उप-समिति के प्रमुख हैं। मुंबई आने से पहले या बाद में जरांगे के साथ उनकी सफल चर्चा नहीं हुई है। वहीं, हर कोई जानता है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कितने खुश हैं। स्पष्ट आदेशों के बावजूद जरांगे और कम्पुस को मुंबई आने की अनुमति देना पूरी तरह से गैर जिम्मेदाराना फैसला था। इससे भी हास्यास्पद बात यह है कि केवल 5,000 समर्थकों को ही अंदर जाने की अनुमति है। क्या सरकार के पास इसे मापने का कोई तंत्र है? जिस क्षण से जरांगे को मुंबई आने की अनुमति दी गई, वह देख सकता था कि आगे क्या होने वाला है।

लेकिन क्या राज्य की पुलिस व्यवस्था में इस पर गौर करने की दूरदर्शिता नहीं होनी चाहिए? अकेले नगर जिले से 10 से 12,000 कारें मुंबई के लिए रवाना हुई हैं। मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र के वतनदार इन सब से तंग आ चुके हैं; प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे हैं 'इस बार गणपति मुंबई में हैं' और अगर इसका कोई पता नहीं चला है, तो पुलिस खुफिया एजेंसी वास्तव में क्या कर रही थी? अगर एजेंसी ने विपक्षी दलों पर फोन की निगरानी करने के बजाय अपना काम किया होता तो मुंबई प्रभावित नहीं होती। मराठवाड़ा के गांवों में युवाओं को मुंबई आने के लिए कहा जा रहा था। इस तरह के संदेश सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे थे। खुफिया विभाग और प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं थी। या राजनीतिक नेतृत्व ने इसकी अनदेखी की? मुख्यमंत्री फडणवीस ने अनुमान लगा लिया होगा कि आगे क्या होने वाला है। भले ही उन्होंने जरांगे को मुंबई आने की अनुमति नहीं दी, लेकिन कानून और व्यवस्था की स्थिति पैदा करने का कोई मतलब नहीं है। किसी भी विरोध प्रदर्शन में पर्दे के पीछे की बातचीत महत्वपूर्ण है। आश्चर्य की बात है कि अन्ना हजारे के आंदोलन को 'चलाने' का अनुभव रखने वाली पार्टी को यह पता नहीं था।

देश में आरक्षण के लिए आंदोलन नया नहीं है। इन आंदोलनों से क्या हासिल होता है यह महत्वपूर्ण है। कुछ साल पहले, गुजरात में पाटीदार और पटेल समुदायों द्वारा हिंसक आंदोलन किया गया था। पाटीदार समुदाय अपेक्षाकृत समृद्ध है लेकिन समुदाय मराठों जैसे अन्य पिछड़े वर्गों का लाभ चाहता था। हिंसक आंदोलन के बाद, गुजरात सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। लेकिन पिछड़े वर्गों के लाभ के लिए समुदाय की मुख्य मांग अस्वीकार्य रही। हरियाणा में जाट समुदाय के साथ भी यही हुआ। वे भी पिछड़े वर्ग के आरक्षण का लाभ चाहते थे। उनका आंदोलन समान था। राजस्थान में, गुर्जर आंदोलन समान था। पिछले 10 से 15 वर्षों में, आरक्षण के लिए विभिन्न जातियों के आंदोलन सफल नहीं हुए हैं। कई घायल हो गए या संपत्ति को नुकसान पहुंचा। तत्कालीन सत्तारूढ़ दल को इन विरोधों पर ध्यान देना होगा और कुछ ऐसे फैसले लेने होंगे। लेकिन मुद्दा यह है कि इस तथ्य से इनकार नहीं

# भविष्य की उड़ान: विद्यालय के लिए 40 हजार रुपए दिए

राकेश शर्मा.बढ़ता राजस्थान

**संयम सवाई माधोपुर।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खाट कला के लिए सेवानिवृत प्रधानाचार्या मंजू रानी गोयल एवं जन सहयोग से एकत्रित 40 हजार रुपए की राशि का चेक कार्यवाहक प्रधानाचार्य भरतलाल मीणा द्वारा एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा को सुपुर्द किया। यह राशि मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के अंतर्गत विद्यालय के आधारभूत ढांचे के विकास हेतु जमा करवाई गई है। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि विद्यालय से प्राप्त 40 हजार रुपए की राशि में राज्य सरकार द्वारा योजनामद के रूप में 60 प्रतिशत राज्य सरकार से अंशदान के तहत 60 हजार रुपए अतिरिक्त प्राप्त होंगे। इस प्रकार कुल 1 लाख रुपए की राशि विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय में मरम्मत, सौंदर्यकरण सहित अन्य भौतिक विकास कार्यों में उपयोग ली जाएगी। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने और बच्चों को बेहतर शिक्षा वातावरण प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर समग्र शिक्षा कार्यालय से कालूराम बैरवा, सहायक निदेशक, प्रशासनिक अधिकारी , रामपाल मीणा, शाकिर मोहम्मद, आदि उपस्थित रहे।



## त्रि-स्तरीय जनसुनवाई: ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 04 सितंबर को

**सवाई माधोपु र(राकेश शर्मा)।** विशिष्ट शासन सचिव, जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जिला सवाईमाधोपुर में त्रि-स्तरीय जनसुनवाई की श्रृंखला में माह सितंबर 2025 का जनसुनवाई कार्यक्रम जारी किया गया। जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि त्रि-स्तरीय जनसुनवाई की श्रृंखला में माह सितंबर का जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम गुरुवार, 04 सितंबर को ग्राम पंचायत स्तरीय, द्वितीय गुरुवार, 11 सितंबर को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अटल जन सेवा शिविर एवं तृतीय गुरुवार, 18 सितंबर 2025 को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन अभियोग निराकरण विभाग के प्रदत्त निर्देशों की पालना करते हुए जनसुनवाई का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## गौतम आश्रम में धूमधाम से मनाया नंदोत्सव, बधाइयां बांटी



बढ़ता राजस्थान

**निवाई,(का.स.)।** मां गौतमी महिला मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को श्री महर्षि गौतम आश्रम में धूमधाम से नंदोत्सव मनाया गया। नन्दोत्सव का शुभारंभ भगवान लड्डू गोपाल व महर्षि गौतमजी के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर भगवान का फूलों से मन मोहक श्रृंगार किया गया। समाज की महिलाओं ने दोपहर 12 से 3 बजे तक भजन कीर्तन किया और बधाइयां गाई। सत्संग के दौरान आश्रम परिसर में नाग नागिन ने एक साथ दर्शन दिए। सभी ने दोनों को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान भगवान लड्डू गोपाल व महर्षि गौतमजी की झांकी सजाई गए एवं थाली भरकर ल्याई र खीचडो, उपर घी की बाटकी, जीमो म्हारा श्याम धणी जिमाव बेटी जाट की, नन्द के घर आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की, हाथी, घोडा पालकी जय कन्हैयालाल की, मीठे मीठे सांवरे की मुरली बाजे राधा रानी नाचे, दरबार तेरा सांवरिया किसने सजाया है, थारी चाकरी में चूक कोनी राखो म्हारा बालाजी, छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना, दुनिया में देव हजारों है मेरे बालाजी का क्या कहना, घोटो जोर सु घुमायो र सालासर वाले हनुमाना, रात श्याम सपने में आए, श्यामा आन बसो वृंदावन में व नैणा नीचा कर ल श्याम न रिझावली कांई सहित कई भजनों पर महिलाओं ने सामूहिक भक्ति नृत्य किया। इस अवसर पर पुष्पा मिश्रा, तुलसी शर्मा, मधुबाला, पिंकी शर्मा, मंजू शर्मा, सुशीला शर्मा, गीता देवी, श्यामा देवी, रमा शर्मा, चेतना शर्मा, सीमा मिश्रा, राजकुमारी शर्मा, संजू शर्मा, उर्मिला शर्मा, इंदिरा शर्मा, कैलाश शर्मा, राजू शर्मा, समाज अध्यक्ष जगमोहन गौतम, डॉ. देवेंद्र शर्मा, बृजभूषण शर्मा व रामबाबू गौतम सहित कई पदाधिकारी व समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित रही।

## भागवत कथा में वामन अवतार का प्रसंग सुनाया



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पटेल नगर देवली में श्रीमद् भागवत संगीत मय सार्वजनिक कथा का भव्य कार्यक्रम चल रहा है।

तीसरे दिन पटेल नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में परम पूज्य नंदिनी जी महाराज के मुखारविंद से तृतीय दिवस की कथा में अनेक अनेक भक्तों का चरित्र श्रवण कराया गया और जिसमें मंगलवार की कथा में वामन भगवान का उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान सभी भक्तों ने वामन भगवान का पूजन कर आनंद प्राप्त किया।

## वीर तेजाजी के मेलो में परिवार सहित पहुंचकर उठाया धर्मलाभ



बढ़ता राजस्थान

**निवाई,(निर्भय मीना)।** उपखण्ड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार को तेजा दशमी व बाबा रामदेव जी की जयंती गांव-गांव व शहरों में भक्ति भाव के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। जहां गांव व शहरों में वीरतेजाजी महाराज के मंदिरों पर मेलों का आयोजन भी किया गया।

वहीं संर्प दंश के पीडितों का इलाज भी किया गया। तेजाजी और रामदेव मंदिरो में रात-दिन धार्मिक जागिरण का आयोजन भक्ति भाव के साथ श्रद्धा पूर्वक किया गया। जहां निवाई शहर के पहाडी चुंगी नाका स्थित वीर तेजाजी, गणगौरी बाजार, गुड्डा आनन्दपुरा, चैनपुरा, झिलाय, रजवास, पलेई, सीदड़ा, दत्तवास, खण्डवा, नला बहड़, जामडोली सहित कई गांवो में भगवान रामदेवजी महाराज व वीर तेजाजी महाराज के मंदिरों में भजन संध्या, जागरणों के बाद मेलो का आयोधन किया गया। अद्धालुओं ने अपने- अपने घरो से पकवान बनाकर देवालयों में पहुंचाएं और परिवार सहित दर्शन कर धर्मलाभ उठाया। इस दौरान मेलों में बच्चों व महिलाओ ने खरीददारियां करके मेलो का लुत्फ उठाया।

### धूप ख़ेपन से महक उठे जिनालय

# आत्म उन्नति के लिए संयम रूपी ऊर्जा शक्ति जरूरी :आचार्य वर्धमान सागर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** संयम में साधु के लिए बताया गया है कि व्रत धारण कर समिति का, गुप्ती का महावर्तो का पालन कर कषायो का निग्रह कर इंद्रियों पर विजय प्राप्त करते हैं। सम्यक रूप से इंद्रीयो का शमन करना संयम धर्म है। मनुष्य जीवन में नदी के समान तट संयम का होना जरूरी है क्योंकि नदी के तट किनारे टूट जाने से विनाश होता है इसलिए संसारी प्राणी को खान-पान, बोलने कार्य करने में चलने उठने बैठने आदि में संयम नहीं होने पर विपदा कष्ट आते हैं ।तीर्थंकर पद भी संयम के बिना नहीं मिलता है। इस कारण मन वचन और काय पर संयम जरूरी है जिस प्रकार पानी को रोककर बांध द्वारा उर्जा उत्पन्न होती हैं उसी प्रकार आत्मा की उन्नति ऊंचाई के लिए संयम जरूरी है यह मंगल देशनाआचार्य वर्धमान सागर महाराज ने दशलक्षण पर्व के छठे उत्तम संयम धर्म की विवेचना में प्रकट की। राजेश पंचोलिया के अनुसार आचार्य श्री ने बताया कि जिस प्रकार ऊंचाई पर स्थित पानी की टंकी को आप विद्युत पंप ऊर्जा से ऊपर चढ़ाते हैं,इस प्रकार जीवन को भी उन्नति पर ले जाने के लिए संयम रूपी ऊर्जा शक्ति जरूरी है।



लता बेल दीवार या रस्सी के सहारे ऊपर बढ़ती है उसी प्रकार बेल रूपी जीवन संयम से ऊंचाई को प्राप्त होता हैं। वाहन चलाते समय एकाग्रता रूपी ब्रेक जरूरी है उसी प्रकार जीवन में संयम रूपी ब्रेक जरूरी है हर पल हर घड़ी सावधानी संयम जरूरी है जीवन अनेक रोगों से ग्रसित है ।संयम बंधन से संसारी आत्मा को कर्म बंधन से छुटकारा मिलता है, संयम हितकारी है ,संयम से वैराग्य होता है संयम से उन्नति होती है। अतिशयकारी श्री आदिनाथ भगवान का विभिन्न द्रव्यों से पंचामृत अभिषेक देखकर श्रवण बेलगोला के श्री बाहुबली भगवान का महामस्तकाभिषेक स्मरण में आ गया। पंचामृत अभिषेक आगम अनुसार होता है संघ में प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के समय से चैत्यालय रखने की परंपरा है ताकि संघ के श्रावक श्राविकाओं को अभिषेक पूजन करने में असुविधा नहीं हो और जिस कारण समाज में कोई विवाद नहीं हो ।क्योंकि अभिषेक के बिना पूजन अधूरा होता हैं। समाज की प्राचीन अभिषेक परंपरा को बदलना ठीक नहीं है। समाज प्रवक्ता पवन कंटान और विकास जागीरदार अनुसार आचार्य संघ सानिध्य एवं मुखारविंद से 108 परिवारों द्वारा 108 कलशो से देवाधिदेव 1008 भगवान आदिनाथ का दुग्धशांतिधारा पंचामृत अभिषेक बड़े भक्ति भाव के साथ किया गया एवम इसके पश्चात पांडाल में पांडुकशीला पर भगवान का पंचामृत अभिषेक व शांतिधारा की गई । आचार्य संघ के सानिध्य में इंद्रध्वज मंडल विधान में सोधर्मइंद्र दिनेश छामुनिया, टोनी आडञा, मोहन लाल छामुनिया, सुमित दाखीया, ओम ककोड़, विकास अत्तर नीटू ,छामुनिया मुकेश बरवास ,लाल चंद फूलता, नेमीचंद बनेठा, अनिल सर्राफ आदि इंद्र द्वारा बड़े भक्ति भाव करके अर्घ्य समर्पित किए गए समाज ने सामूहिक रूप से नगर के सभी जिनालयों में अष्ट कर्मों के दहन के लिए धूप अग्नि पर अर्पित की ।मंगलवार को अनेक महिलाओं ने सुंगध दशमी के उपवास भी किए। शाम को श्री जी,मंडल विधान और आचार्य श्री की आरती के बाद सांस्कृतिक प्रश्नोत्तरी ओर अन्य कार्यक्रम हुए।

## श्री तेजाजी मेले में दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक सहित ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को लोक देवता वीर तेजाजी का मेला आयोजित किया गया, जहां दोपहर से ही वीर तेजाजी की पूजा-अर्चना एवं दर्शनार्थ श्रृद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। साथ ही तेजाजी महाराज के लोकगीतों एवं अलगोजोंकी धुनों पर श्रद्धालु नाच रहे थे। जिला मुख्यालय पर मोदी की चौकी, चतुर्भुज तालाब स्थित श्री देहलवाल बाबा एवं कृषि मंडी में मन्दिरों पर वार्षिक मेलों का आयोजन किया गया, जहां वैसे श्री तेजाजी महाराज की पूजा-अर्चना के लिए इन मन्दिरों पर सुबह से



ही श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा, वहीं शाम को मेला आयोजित किया गया। जिसमें सजे-धजे परिधानों में महिलाएं गीत-गाती पहुंची, साथ ही पूजा-अर्चना की गई।

## 'वापस लौट जा' लेकिन नहीं सुना, लोग देते रहे चेतावनी, देखते-देखते बह गया युवक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** चौथ का बरवाड़ा क्षेत्र में हो रही बारिश के चलते ढील बांध पर इन दिनों करीब दो फीट की चादर चल रही है। इसी दौरान मंगलवार को एक युवक चादर पार करने का प्रयास करता हुआ हादसे का शिकार हो गया। युवक पानी के साथ करीब 50 फीट नीचे जा गिरा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि युवक को आसपास खड़े लोग आवाज लगाकर वापस लौटने की चेतावनी दे रहे थे, लेकिन उसने



किसी की नहीं सुनी और आगे बढ़ गया। बीच चादर में जाने के बाद युवक का संतुलन बिगड़ गया और वह रेलिंग को पकडक़र कुछ देर तक लटका रहा। इसके बाद अचानक पानी के तेज बहाव में बह गया। देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया। सूचना मिलते ही शिवाड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल:** गौरतलब है कि ढील बांध पर सुरक्षा व्यवस्था नदारद है। चादर पर लोगों की आवाजाही पर कोई रोक-टोक नहीं है। वहीं, लोहे की लगी रेलिंग भी कई जगह टूटी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पूर्व में भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

### शहर में यातायात व गश्त व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर हुई चर्चा

# त्यौहारों को भाईचारा व सौहार्द से मनाएं-रामजीलाल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई,(का.स.)।** पुलिस थाने में आगामी त्यौहारों को लेकर थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने कहा कि त्यौहारों को भाईचारा व सोहार्द पूर्ण ढंग से मनाएं। उन्होंने कहा कि बुधवार को आयोजित जल झुलनी एकादशी पर्व पर सुरक्षा, कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहेगा। उन्होंने बताया कि आगामी वामन अवतार पर्व व बारावफात का पर्व शांति व सोहार्द पूर्वक मनाएं। इस दौरान शहर में यातायात व्यवस्था व गश्त व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पार्षद मदनलाल वर्मा, संजय वर्मा, इमरान खान, चेतन गंगवाल, शकूर मणियार व रामू शर्मा सहित कई सीएलजी सदस्य व पुलिसकर्मी मौजूद थे।



## भरकुआ तालाब पर विशाल जल यात्रा आज

**निवाई,(का.स.)।** श्री आर्य वीर कला मंडल के तत्वावधान में बुधवार को जलझूलनी एकादशी पर्व को लेकर भरकुआ तालाब पर विशाल जल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के शंकर घाटी, अनिल पारासर, रामू अग्रवाल, गोपाल पारीक व राजेश चौधरी गुरूजी ने बताया कि बुधवार को जलझूलनी एकादशी महापर्व को लेकर शहर के सभी मंदिरों से बैंड बाजे के साथ भगवान के विमान भव्य शोभा यात्रा के साथ रवाना होंगे। भगवान के विमानो की भव्य शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए भरा कुआ तालाब पर पहुंचेंगी। शोभायात्रा का जगह-जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा करके एवं आरती करके स्वागत किया जाएगा। सभी विमान भरकुआ तालाब पर पहुंचने पर विद्वान पंडितों के सानिध्य में विमान में विराजमान भगवान की सामूहिक महाआरती करके तालाब में विशेष सजी-धजी नौकाओं में भव्य जल यात्रा करवाई जाएगी। इस दौरान गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी।

## विप्र फाउंडेशन राजस्थान के ब्लॉक बानसूर का अध्यक्ष बने एडवोकेट विकास जोशी

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन-1, जयपुर ने कोटपूतली-बहरोड़ जिले के ब्लॉक बानसूर के पद पर एडवोकेट विकास जोशी को नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राजेश कर्नल एडवोकेट की अनुशंसा और प्रदेश प्रभारी गजेन्द्र ज्ञानपुरिया तथा जिलाध्यक्ष प्रकाश चन्द शर्मा के अनुमोदन से की गई। संगठन के उच्च पदाधिकारियों ने जोशी को विप्र समाज के हितार्थ उनके समर्पण और सेवा भावना को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि समाज के सभी वर्गों का सम्मान करते हुए, उनका अपने समाज के प्रति विशेष लगाव है क्योंकि वे भगवान परशुराम के वंशज हैं। जोशी ने यह भी कहा कि समाज में फैली बुराई और कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। बानसूर ब्लॉक से इसका आरंभ किया जाएगा और समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## लगातार बारिश से ऐतिहासिक सागर जलाशय लबालब



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर में हो रही लगातार तेज बारिश के बाद ऐतिहासिक सागर जलाशय लबालब हो गया है। यह नजारा शिक्षाविद विजय सारस्वत ने दैनिक बढ़ता राजस्थान के पाठक के रूप में कैमरे में कैद कर प्रेस को भेजा। गर्मी में पानी की किल्लत दूर करने के उद्देश्य से इस ऐतिहासिक जलाशय का निर्माण महाराज बख्तावर सिंह ने करवाया था। स्थानीय निवासियों ने बताया कि लगभग दो दशक बाद यह जलाशय पूरी तरह भर गया है। लोगों का कहना है कि लगातार बारिश से बांधों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और कई बांधों पर चादर चल रही है। ऐसे में आने वाले समय में पानी की समस्या से राहत मिलने की संभावना जताई जा रही है।

## अलवर के दो स्काउट को किया केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्री ने राष्ट्रपति अवार्ड से दिल्ली में सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित कार्यक्रम अलवर जिले के दो स्काउट को में स्काउट-गाइड के सर्वोच्च राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित किया। स्काउट सीओ श्री राजेंद्र मीणा ने बताया कि राजगढ़ तहसील के गोठ निवासी श्री सौरभ शर्मा एवं मुण्डावर के ग्राम पेहल मुंडावर निवासी श्री सतीश कुमार योगी ने हरियाणा के पलवल में 29 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित राष्ट्रपति अवार्ड रैली में भाग लिया था। सीओ गाइड श्रीमती विजय लक्ष्मी रोहिल्ला ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग युवाओं के लिए एक शैक्षिक आंदोलन है जिसका उद्देश्य आत्म-अनुशासन, समाज सेवा और देशभक्ति के मूल्यों को विकसित करके उनके चरित्र का निर्माण करना है तथा युवाओं को किसी भी देश का एक अच्छा नागरिक बनना सिखाता है। इस अवसर पर डीटीसी श्री प्रमोद शर्मा, स्काउट मास्टर श्री रामप्रताप शर्मा, श्री महेंद्र सिंह चौहान, श्री दिनेश कुमार, कब मास्टर श्री चंद्रभान सिंह, रोवर लीडर श्री राकेश कुमार सैनी ने दोनों स्काउट को शुभकामनाएं देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## ग्राम पंचायत की मांगों को लेकर वार्ड पंच का धरना छठे दिन भी जारी



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** पंचायत समिति क्षेत्र के नीमला ग्राम पंचायत में वार्ड पंच कौशल किशोर शर्मा ग्राम पंचायत की विभिन्न समस्याओं को लेकर पिछले छह दिनों से धरने पर डटे हुए हैं। कौशल किशोर ने बताया कि वे पंचायत क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने, श्मशान घाट के रास्ते की व्यवस्था, भूमिहीन परिवारों को भूमि आवंटन और ग्राम पंचायत में नियमित सफाई व्यवस्था की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने प्रत्येक ग्राम पंचायत को सफाई के लिए बजट उपलब्ध कराने की घोषणा की थी, बावजूद इसके नीमला पंचायत में सफाई कार्य उपेक्षित है। वार्ड पंच का आरोप है कि लगातार छह दिन धरना देने के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं की गई है। स्थानीय ग्रामीण भी उनके समर्थन में आगे आए हैं और मंगलवार को घर-घर पीले चावल बांटकर धरने के लिए समर्थन जुटाया गया।

## अशोक कुमार बने जयपुर डिस्कॉम प्रदेश उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ (सम्बद्ध - भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ एवं राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ) का प्रदेश अधिवेशन रविवार को मंगल बेला विवाह स्थल, नींदड़ मोड़ टोड़ी हरमाड़ा, सीकर रोड, जयपुर में आयोजित हुआ।

### नटनी का बारां से जयसमंद झील तक के चैनल की विस्तृत डीपीआर तैयार करने निर्देश

# वन मंत्री शर्मा ने जयसमंद बांध व सिलीसेढ झील का किया दौरा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने जयसमंद बांध व सिलीसेढ झील का निरीक्षण कर बांध में जल की आवक के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

वन राज्यमंत्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिये कि जयसमंद बांध में पानी की आवक वाले चैनल नटनी का बारा से जयसमंद तक के चैनल की बजट घोषणा के अनुरूप चैनल की खुदाई, लेवलिंग एवं पक्का करने के कार्य की विस्तृत डीपीआर तैयार करें तथा सिलीसेढ झील के ओवर लो पानी अपर कैनाल के माध्यम से जयसमंद बांध तक आता है। उस कैनाल की खुदाई व उसके चैनेलाइज करने के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि जल भराव व प्रवाह क्षेत्र पर चेतावनी बोर्ड व सुरक्षा गार्ड आदि लगवाए। उन्होंने ब तपुरा वन चौकी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



### कलक्टर ने किया सिलीसेढ व जयसमंद झील क्षेत्र का दौरा

जिला कलक्टर ने सिलीसेढ झील व उसके चैनल, वेस्ट वीयर (उपरा) का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि वेस्ट वीयर पर अतिरिक्त चेतावनी बोर्ड लगवाए। उन्होंने निर्देश दिये कि वेस्ट वीयर चैनल के तेज बहाव व आवागमन क्षेत्र पर सिविल डिफेन्स के सुरक्षा गार्ड लगाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस द्वारा इस क्षेत्र की निरन्तर गश्त की जाए तथा समझाइश आदि की जावे। उन्होंने चैनल को चैनेलाइज करने के प्रस्ताव तैयार करें। जिला कलक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की है कि जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी, नालों, जलाशयों आदि में पानी की तेज प्रवाह के साथ आवक हो रही है, अतः ऐसी जगह प्रवेश नहीं करें। इस दौरान सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता संजय खत्री, कनिष्ठ अभियन्ता नीरज शर्मा व संबंधित अधिकारी तथा जितेन्द्र राठौड, सुरेश यादव, दिनेश गुप्ता, उज्जवल अग्रवाल मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री यादव ने औद्योगिक प्रदूषण की समीक्षा की



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** राजस्थान के सोतानाला, केशवाना और बहरोड़ औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक प्रदूषण से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विशेष समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, जिला प्रशासन और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सोतानाला, केशवाना और बहरोड़ औद्योगिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि एवं निकटवर्ती गाँवों के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए। मंत्री यादव ने अधिकारियों को अपशिष्ट और जल प्रदूषण के समाधान के लिए विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस योजना में भविष्य के औद्योगिक विकास को ध्यान में रखते हुए ठोस अपशिष्ट और प्रदूषित जल का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट जैसी तकनीकों के माध्यम से उपचार और अधिकतम पुनः उपयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

मंत्री ने औद्योगिक इकाइयों को नियमों और प्रावधानों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए और उल्लंघन करने वाली इकाइयों पर कठोर कार्रवाई करने का आदेश दिया। बैठक में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने त्वरित मूल्यांकन के आधार पर समस्याओं और उनके तकनीकी समाधान पर सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ आसपास के गाँवों और रिहायशी क्षेत्रों में स्वच्छता, सुधार और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। यह बैठक इन क्षेत्रों के बहुआयामी विकास में निर्णायक साबित होगी।

## जोनेटा में तेजाजी महाराज मंदिर पर भरा मेला, उमड़ी भीड़

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** उपखंड क्षेत्र के जोनेटा गांव स्थित गुर्जर बास के वीर तेजाजी महाराज मंदिर पर मंगलवार को भाद्रपद शुक्ल पक्ष दशमी के अवसर पर वार्षिक मेला श्रद्धा व उत्साह के साथ आयोजित हुआ। मंदिर के पिराने गणेश सिंह बैंसला ने बताया कि मेले का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच ध्वज व नाग देवता की बांबी पूजन के साथ किया गया। दिनभर श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर वीर तेजाजी महाराज की प्रतिमा के दर्शन करते रहे। भक्तों ने प्रसाद चढ़ाकर परिक्रमा की और मनोकामनाएं मांगी। मेले के दौरान आयोजित भजन संध्या में प्रभु दयाल (बावन पाड़ा), अमर सिंह, कजोड़ व



विजय सिंह गुर्जर (बीधोता), रामगोपाल व राम सिंह एंड पार्टी (भूलेरी) के कलाकारों ने सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। वहीं, आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की।

मेले में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ करनावर, नारायणपुर, सकट, राजगढ़, बांदीकुई, बसवा, अलवर, दौसा, जयपुर, सीकर, दिल्ली, हरियाणा व पंजाब से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

## श्री महावर वैश्य नवयुवक समिति का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** श्री महावर वैश्य नवयुवक समिति का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को कुश मार्ग स्थित महावर धर्मशाला में आयोजित हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।





नवनियुक्त पदाधिकारियों में अध्यक्ष कपिल गुप्ता, उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, मंत्री प्रशांत गुप्ता, कोषाध्यक्ष सीए विष्णु गुप्ता, उप मंत्री अभिषेक गुप्ता, मंत्री सौरभ, सांस्कृतिक मंत्री आकाश गुप्ता और प्रचार मंत्री निखिल गुप्ता शामिल रहे। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में सजल गुप्ता, अजय गुप्ता और योगेश गुप्ता ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख उद्योगपति विजय डाटा ने की, जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता और सीए श्रीकृष्ण गुप्ता विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर महावर वैश्य समाज की अन्य समितियों के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि समाज तभी प्रगति कर सकता है जब सभी पदाधिकारी मिलकर सहयोग और सेवा भाव से काम करें। वहीं, अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने समाज के उत्थान, शिक्षा, संस्कार और एकता को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया।

## बांके बिहारी मंदिर से सांवलियाजी धाम के लिए निशान पदयात्रा रवाना

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के श्री बांके बिहारी मंदिर से मंगलवार को सांवरिया भक्त मंडल सकट के तत्वावधान में सांवलियाजी धाम करनावर के लिए नवी निशान पदयात्रा धूमधाम से रवाना हुई।

पदयात्रा से पूर्व मंदिर में महंत देवादास महाराज व पं. महेश जैमन ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना करवाई। इसके बाद भाजपा राजपुर धमरेड़ मंडल के पूर्व अध्यक्ष कमल सेठी, सरपंच प्रतिनिधि फूलचंद सैनी, स्टेशन मास्टर हरिकिशन, हरिओम लाटा और शिवलाल गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए।

## वन राज्यमंत्री ने महावर वैश्य नवयुवक सेवा समिति की कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने कुश मार्ग स्थित महावर धर्मशाला में श्री महावर वैश्य नवयुवक सेवा समिति (रजि.) अलवर के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत कर कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई। वन राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कार्यकारिणी के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महावर वैश्य समाज बुद्धिजीवी व सम्पन्न समाजों में शामिल है तथा सामाजिक सरोकारों में सदैव इस समाज का अहम योगदान रहा है। देश की अर्थव्यवस्था में भी यह समाज महती भूमिका निभाता आया है। उन्होंने कहा कि समाज को मजबूत और संगठित बनाने में हर पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि समाज तभी आगे बढ़ सकता है, जब सभी लोग मिलकर सहयोग और सेवा भाव से काम करें। श्री महावर वैश्य नवयुवक सेवा समिति के अध्यक्ष श्री कपिल गुप्ता ने आगुन्तुकों का आभार जताते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी समाज के उत्थान, शिक्षा, संस्कार और एकता को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता, समाजसेवी श्री विजय डाटा एवं सजल गुप्ता, श्री अजय गुप्ता एवं श्री योगेश गुप्ता सहित प्रबुद्घ व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## बृजमोहन शर्मा का 65वाँ जन्मदिन समारोह में मनाया गया, वैद्य और मार्गदर्शक के रूप में सराहना

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित मांनशी मार्किट में वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष और सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष भाजपा नेता बृजमोहन शर्मा का 65वाँ जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के व्यापारी, भाजपाई और अन्य समुदाय के लोग जन्मदिन की बधाई देने पहुँचे और उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट विकास जोशी ने कहा कि वैद्य बृजमोहन शर्मा के पास सभी तरह की बीमारियों का इलाज



है—चाहे राजनीतिक, कर्मचारी संबंधित या सामाजिक—और वे सभी समस्याओं को दूर करने में रामबाण औषधि का काम करते हैं। वहीं पत्रकार लोकेश वर्मा ने कहा कि शर्मा की बेदाग छवि, निस्वार्थ सेवाभाव और ईमानदारी उन्हें आमजन के लिए मार्गदर्शन का प्रतीक बनाती है। शर्मा को जन्मदिन के अवसर पर माला और साफा पहनाकर भव्य सम्मानित किया गया और लड्डू खिलाकर उनका मुँह मीठा कराया गया। समारोह में लोकजनशक्ति पार्टी (रामबिलास) के राजस्थान प्रदेश सचिव और वरिष्ठ पत्रकार सुगनचंद मौर्य, विप्र फाउंडेशन राजस्थान के ब्लॉक अध्यक्ष विकास जोशी, लुपिन संस्था के हवासिंह चौधरी, पत्रकार लोकेश वर्मा, विष्णु सोनी, पूर्व आईटी सेल भाजपा के विजय कुमावत, कुंवर हेमंत बना, रामसिंह गुर्जर, कुबेर गुवारिया, घीसाराम महावर, नवीन शर्मा, कृष्ण यादव, न्यू सीटीजन टेलर के संतोष कटारिया, यादव समाज के अध्यक्ष सुभाषचंद यादव बूराला, दिनेश यादव, दयाराम सिरोहीवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### इंडोर स्टेडियम में पेड़ों की कटाई का मामला

# ग्रामीणों में आक्रोश,दोषियों पर कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रागपुरा स्थित इंडोर स्टेडियम परिसर में अज्ञात लोगों द्वारा हरे पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत स्कूल प्रशासन से करते हुए दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए



ठोस कदम उठाना आवश्यक है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमित बंसल ने कहा कि पेड़ों की कटाई न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए भी चिंता का विषय है। वहीं नरेश स्वामी ने मांग की कि पेड़ों की कटाई की जांच कर दोषियों को दंडित किया जाए।

विद्यालय प्राचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने बताया कि रामदेव दशमी अवकाश होने के कारण वे छुट्टी पर थे, लेकिन घटना की जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्टेडियम की चाबी दिपेन्द्र सिंह के पास रहती है, जिनसे इस संबंध में बातचीत की जाएगी।

मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे पत्रकार राजेश हाडिया जब स्टेडियम परिसर पहुंचे तो यहां कुछ पेड़ जमीन से 3-4 फीट ऊपर से कटे हुए मिले। घटना के बाद से स्थानीय लोग आक्रोशित हैं।

पूर्व पंच राजेन्द्र स्वामी ने भी कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्कूल प्रशासन को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए।

# त्यौहारों की तैयारियों व विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सोमवार को अन्तर्विभागीय समन्वय एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। आगामी दिनों में आयोजित होने वाले त्यौहारों और जुलूसों को देखते हुए कलक्टर ने नगर निगम को मार्गों की सफाई, झूलते तारों को व्यवस्थित करने, गड्ढों की मरम्मत तथा जीर्ण-शीर्ण इमारतों की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग युद्ध स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित करें।

पेयजल व स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था बैठक में कलक्टर पीयूष समारिया ने निर्देश दिए कि जुलूस मार्गों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो। साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मेडिकल टीम हर स्थान पर उपलब्ध रहे। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर प्रत्येक अखाड़े को मेडिकल किट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। मौसमी बीमारियों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नागर को निर्देश दिए गए कि हाउस टू हाउस सर्वे की रफ्तार बढ़ाई जाए। घनी आबादी और हॉस्टल क्षेत्रों पर विशेष फोकस कर डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम की जाए। जिन घरों या कार्यालयों में लार्वा मिले, वहां संबंधित जिम्मेदार पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



विभागीय योजनाओं व बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक में सांसद व विधायक निधि से प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा करते हुए कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाए जाएं ताकि जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। बजट घोषणाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा एसडीआरएफ के तहत प्रस्तावित कार्यों की गति तेज करने और समयबद्ध तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से शिक्षा विभाग, पीडब्ल्यूडी और पंचायतीराज विभाग को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

शिकायतों के निवारण पर जोर

कलक्टर ने 'संपर्क पोर्टल' पर प्राप्त शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा संपर्क की शिकायतों को दें। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो तथा परिवादी समाधान से संतुष्ट रहे।

नशीली दवाओं पर रोकथाम के निर्देश सोमवार को एनसीओआरडी की बैठक भी आयोजित हुई। इसमें कलक्टर पीयूष समारिया ने पुलिस विभाग, समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम को निर्देश दिए कि कोचिंग क्षेत्रों में विशेष गतिविधियाँ संचालित कर युवाओं को नशे से बचाने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं और प्रतिबंधित औषधियों की अनाधिकृत बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

### जनजागरूकता पर बल

कलक्टर ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सोशल मीडिया एवं अन्य मीडिया माध्यमों का उपयोग कर आमजन को जागरूक किया जाए और समाज में नशा विरोधी वातावरण तैयार किया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र नागर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## गणेशोत्सव आरती में मुख्य अतिथि बने रावतभाटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा संस्थापक विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि रिद्धि सिद्धि विनायक मंडल एवं टीम निवाला सेवा समिति द्वारा आयोजित हॉट चौक में चल रहे गणेशोत्सव के अवसर पर कल शाम भव्य आरती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता आशा व्यास, समाजसेवी देवेंद्र व्यास रहे।

मुख्य अतिथियों का स्वागत समिति के संरक्षक मोहमद हुसैन बंगाली ने किया। एवं मंच संचालन उपाध्यक्ष सुरेश तिवारी ने किया। अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि आरती के दौरान भक्ति और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि के बीच पूरे वातावरण में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे। पुलिस अधीक्षक ने भगवान गणेश के चरणों में पूजा-अर्चना कर समाज और शहर की सुख-शांति की प्रार्थना की। समिति के सचिव अर्जुन तिवारी ने बताया कि आरती के पश्चात बच्चों का क्रिकेट मैच प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें टीम सवारियां 11 ओर टीम कपिल राठौर के बीच मुकाबला हुआ। मैच कुल 5 ओवर का खेल गया जिसमें कपिल राठौर टीम ने 2 ओवर रहते ही मैच जीत लिया। मेन ऑफ द मैच शिवा सोनी रहे जिन्होंने एक ही ओवर में 16 रन बनाए। रात्रि क्रिकेट मैच में बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। विजेता टीम को समिति की ओर से ट्रॉफी दी गई।

## 240 ग्राम चरस के साथ एक को धरा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अयान अब्बासी कैथूनीपोल के भिश्तीपाड़ा इलाके का निवासी है। आरोपी कब्जे से 240 ग्राम चरस बरामद किया। गश्त के दौरान पुलिस की टीम ने नूरानी में मस्जिद के पास दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया और 240 ग्राम चरस बरामद किया। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है वही रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## मंदिर में चोरी के आरोपी को 12 घंटे में किया डिटेन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा ग्रामीण की दीगोद थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए, मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को 12 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अर्जुन व विशाल दीगोद इलाके के निवासी है। इस मामले में फरियादी रामावतार नागर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि बगीची के बालाजी मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने दान पेटी को तोडक़र उसमें से नकदी चुराने की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## आईबीसी कोटा चैप्टर का 34वाँ स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** भारतीय बिल्डिंग्स कांग्रेस कोटा चैप्टर का 34वाँ स्थापना दिवस पीडब्ल्यूडी परिसर, कोटा में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। चेयरमैन हेमंत कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। पूर्व अध्यक्ष एस. के. बैरवा ने संगठन का परिचय प्रस्तुत किया तथा पूर्व अध्यक्ष पी. के. जैन ने चैप्टर की यात्रा पर प्रकाश डाला। मंच संचालन मानद सचिव मनीष जैन ने किया। पूर्व अध्यक्षों व सचिवों का सम्मान भी किया गया। मुख्य अतिथि ए. डी. अंसारी, अतिरिक्त महाप्रबंधक एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता, राजस्थान वाटर ग्रिड कॉर्पोरेशन, डब्ल्यूआरडी, कोटा ने ग्रीन बिल्डिंग मटेरियल्स के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निशू गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी, जोन कोटा ने की और विभागीय प्रयासों की जानकारी दी।

मुख्य वक्ता डॉ. प्रवीन कुमार अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्राध्यापक (सिविल), आरटीयू कोटा ने निर्माण सामग्रियों के चयन द्वारा भवनों में थर्मल कम्फर्ट बढ़ाने विषय पर व्याख्यान दिया। मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

मानद सचिव श्री मनीष जैन ने आभार व्यक्त किया। समारोह में सुनील गर्ग (उपाध्यक्ष), अशोक सनाढ्य (कोषाध्यक्ष), डी. के. विश्वकर्मा, धिरेन्द्र माथुर, अमित जैन, पीयूष कुमार गोयल, संजय दुबे, विजय कुमार जैन, एल. नागपाल, ओ. पी. मालवीय, ओम जैन, आर. पी. शर्मा (पूर्व सचिव), डी. पी. अग्रवाल, जे. पी. गुप्ता, एम. एल. कुलवर सहित चैप्टर के सभी पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## श्रद्धा और संयम के साथ मनाया गया विभा श्री माताजी का 52वां अवतरण दिवस

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** भक्ति और आस्था से सराबोर वातावरण में श्री माताजी का 52वां अवतरण दिवस बड़े भावपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर माता जी की पूजन की गई और विनियांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और मंगलाचार से वातावरण को पवित्र बना दिया। अपने प्रवचन में विभाश्री माता जी ने कहा मनुष्य जीवन दुर्लभ है और इसका परम उद्देश्य संयम और आत्मोद्धार है। यह जीवन केवल भोग के लिए नहीं, बल्कि मुक्ति के पथ पर अग्रसर होने के लिए मिला है।

उन्होंने समझाया कि संयम को अपनाकर ही आत्मा की शांति और स्वर्ग की प्राप्ति संभव है। साधु यदि संयम मार्ग पर चल पड़े तो न



नरक में जाएगा और न भवचक्र में भटकेगा, बल्कि मर्यादा और नियम के पालन से देवत्व को प्राप्त करेगा।

जीवन की उपमा और संदेश

विभाश्री माता जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे किसी मकान में आग लग जाए तो उसमें रखा सारा सामान नष्ट हो जाता है, वैसे ही यदि इस नश्वर शरीर रूपी मकान में वासना और आसक्ति की आग लग जाए तो आत्मा पतन को प्राप्त होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि जीवन के वास्तविक स्वामी की रक्षा के लिए संयम को अपनाएँ।

महामंत्री अनिल ठोरा व राजेन्द्र गोधा ने बताया कि अवतरण दिवस पर चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन और शास्त्र भेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुण्यार्जक परिवार और श्रावक श्रेष्ठि परिवार को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से श्रीमान विनोद जी, सारिका जी, नैनसी जी, शुद्धि जी, सार्थक जी जैन सकुन्या परिवार, महावीर नगर विस्तार, कोटा को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन पी.के. हरसोरा ने किया। चातुर्मास उत्सव में विज्ञान नगर मंदिर गौरवाध्यक्ष राजमल पाटौदी, सकल समाज अध्यक्ष प्रकाश बज, नरेश वेद, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## ईथॉस हॉस्पिटल में लॉन्च हुआ गोल्डन ऐज क्लब कार्ड



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** ईथॉस हॉस्पिटल, कोटा ने वरिष्ठ नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ सुलभ दरों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को एक समारोह में गोल्डन ऐज क्लब कार्ड की शुरुआत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलन निदेशक राजेश माहेश्वरी रहे। उन्होंने कहा कि ईथॉस हॉस्पिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर कोटा के अन्य अस्पतालों की तुलना में कई गुना बेहतर है। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ की गई यह मुहिम काबिले-तारीफ है और इससे बुजुर्गों को श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी।

कार्यक्रम में कार्ड का विमोचन मुख्य अतिथि राजेश माहेश्वरी, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राजेश गोयल, निदेशक प्रदीप दाधीच, प्रकाश जैन और जितेंद्र गोयल ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन सीए हर्षवर्धन दाधीच ने किया। इस अवसर पर डॉ. के.के. कंजोलिया, डा. शिव भगवान शर्मा, डा.प्रमोद नागर, डॉ. रोहित दाधीच, डा गौरव मेहता, सहित अनेक चिकित्सक और आम नागरिक मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान ही 35 वरिष्ठ नागरिकों ने रजिस्ट्रेशन कर सदस्यता ग्रहण की।

निदेशक प्रदीप दाधीच ने बताया कि यह कार्ड कोई भी 60 वर्ष से अधिक आयु वाला व्यक्ति बनवा सकता है। कार्डधारकों को ओपीडी सेवाओं पर 50 प्रतिशत, लैब और रेडियोलॉजी पर 20 प्रतिशत, दवाइयों एवं आईपीडी सेवाओं पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके साथ ही एम्बुलेंस, अटेंडेंट लाउंज और डे-केयर बेड जैसी सुविधाएँ निःशुल्क रहेंगी। बाहरी क्षेत्रों से आने वाले वरिष्ठजन रोगियों के परिजनों के लिए ठहराव की निःशुल्क व्यवस्था भी की जाएगी।

मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राजेश गोयल ने बताया कि ईथॉस हॉस्पिटल लगभग 5.5 वर्षों से कार्यरत है और अब तक 1 लाख ओपीडी, 15 हजार आईपीडी, 1200 से अधिक कार्डियक ऑपरेशन और 240 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं। रूपेश माथुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जहाँ युवा वर्ग इंश्योरेंस और अन्य योजनाओं के माध्यम से चिकित्सा सुरक्षा प्राप्त करता है।

## राजकीय महाविद्यालय,में नेत्रदान पखवाडे के तहत संगोष्ठि का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान (कोटा चैप्टर) की ओर से सोमवार को राजकीय महाविद्यालय (रामानुजम भवन) में नेत्रदान विषय पर संगोष्ठी 40वें नेत्रदान पखवाडे के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. के. के. कंजोलिया (अध्यक्ष, आई बैंक सोसाइटी ऑफ राजस्थान, कोटा चैप्टर), डॉ. सुरेश पाण्डेय (कोऑर्डिनेटर),



नीरजा श्रीवास्तव (व्याख्याता), टिंकू ओझा (तकनीशियन) सहित शिक्षण स्टाफ एवं लगभग 300 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अंधत्व की गंभीर स्थिति

डॉ. कंजोलिया ने बताया कि विश्वभर में प्रत्येक पाँच सेकंड में एक वयस्क तथा प्रति मिनट एक बच्चा अंधत्व का शिकार होता है। भारत में लगभग 1.80 करोड़ लोग अंधत्व से पीडित हैं, जिनमें से करीब 1 प्रतिशत लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस के कारण दृष्टिबाधित हैं। देश में हर वर्ष 25 से 30 हजार मरीज कॉर्निया खराब होने से अंधेपन का शिकार होते हैं। इनमें से लगभग 50 प्रतिशत की दृष्टि कॉर्नियल ट्रांसप्लांट द्वारा लौटाई जा सकती है। इसके लिए प्रतिवर्ष लगभग 2.5 लाख कॉर्निया की आवश्यकता होती है, जबकि उपलब्धता केवल 50 हजार के आसपास है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नेत्रदान पूरी तरह सरल और रक्तविहीन प्रक्रिया है, जिसे केवल 10 मिनट में पूरा किया जा सकता है।

### चेचट थाना पुलिस पर समाजसेवी से मारपीट का आरोप

# दिलावर को शिकायत करने पहुँचा राजपूत समाज

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/चेचट (मंगल सिंह)।** रामगंजमंडी कोटा जिले की चेचट थाना पुलिस पर भाजपा नेता गौरीशंकर महात्मा की शह में राजपूत समाज के समाजसेवी राजेंद्र सिंह के साथ बर्बर मारपीट करने के मामले में राजपूत समाज ने शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सौंप कर दोषी भाजपा नेता और पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

राजेंद्र सिंह ने बताया कि 31 अगस्त को चेचट पुलिस के दो जवानों ने युवक को कथित पूछताछ के नाम पर थाने बुलाया और उनके साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए उनके कपड़े फाड़ दिए। साथ ही युवक से मारपीट की इस दौरान उनके हाथ में गंभीर चोट आई, यहां तक कि हड्डी फैक्चर हो गई और आंतरिक चोटें भी आईं। जिसके बाद में पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया।

इस घटना को लेकर राजपूत समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। समाजजनों ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता गौरीशंकर महात्मा की शह पर पुलिसकर्मी बाबूलाल चौधरी और कैलाश चौधरी ने इस तरह की हरकत की है। राजपूत समाज ने इस घटना को निंदनीय बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही दोषी भाजपा नेता और पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। समाजजनों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो करणी सेना सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

शंभू सिंह सोलंकी, भगवत सिंह फांदा, राजप्रताप सिंह आलोद, संदीप सिंह चंद्रावत, रमनराज सिंह( लाला बना), करणी सेना चेचट अध्यक्ष भगवान सिंह, नगर अध्यक्ष नवदीप सिंह, अजय सिंह,दीपक सिंह, लखन सिंह, भरत सिंह, कुलविंद्र सिंह, अभिमन्यु सिंह, रघुनंदन सिंह, चरण सिंह, धीरेन्द्र सिंह,दिनेश सिंह, नरेंद्र सिंह नंद सिंह एवं समस्त सर्व समाज गण उपस्थित रहे।



## पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस ने बसेड़ी, कंचनपुर एवं नादनपुर पुलिस थानों का किया निरीक्षण

# पुलिस थानों में जांची-परखी व्यवस्थाएं

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने मंगलवार को बसेड़ी, कंचनपुर एवं नादनपुर पुलिस थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थानों पर पदस्थापित थानाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों से इलाके की भौगोलिक एवं सामाजिक एवं आपराधिक पृष्ठभूमि सम्बन्धी जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान थाना भवन, परिसर में बने मैस तथा बैरकों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही थाना मालखाना व थाना कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्टरों जैसे- (अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद, एच.एस, महिला उत्पीडन, हत्या, गुमशुदा, पासपोर्ट ) आदि रजिस्टरों की गहनता से अवलोकन कर संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए, महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया7 इस दौरान कंप्यूटर कक्ष का भी हाल जाना, उन्होंने कंप्यूटर/सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण करते हुए सीसीटीएनएस कर्मचारियों से ष्टष्टञ्जहस्र् के सभी फार्मो की फीडिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा संबन्धित कर्मियों को (पंजीकरण, गिरफ्तारी, संपत्ति जब्ती, आनलाइन केस डायरी ,जीडी आदि ) ई साक्ष्य की समय से फीडिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा पुलिस थाना में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए तथा उसका समय से निस्तारण किया जाए। इसके अलावा पुलिस थाने में आने वाले किसी भी फरियादी को कोई भी परेशानी ना हो इसका ध्यान रखा जाए, साथ ही उन्होंने पुलिस थाने में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए तथा थानाधिकारियों को पुलिस की गश्त एवं व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने, आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने, पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने तथा असामाजिक तत्वों पर वैधानिक कार्यवाही करने, यातायात नियमों की वाहन चालकों से पालना सुनिश्चित कराने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान वृताधिकारी वृत्त सरमथुरा नरेन्द्र मीणा थानाधिकारीगण एवं थानों का स्टाफ उपस्थित रहा। थानाधिकारी एवं स्टाफ को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## मोदी की मां पर टिप्पणी कांग्रेस की सोच को दर्शाती है



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भाजपा जिला कार्यालय में सोमवार को पार्टी पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के विरुद्ध जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

मीडिया संयोजक अरविंद सिंह भाटी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा यात्रा के दौरान की गई टिप्पणी कांग्रेस की असंवेदनशील मानसिकता को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मकसद किसी भी तरह माहौल बिगाडक़र सत्ता में लौटना है, लेकिन इसी सोच ने उसे जनता से दूर कर दिया है।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने भी कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि राजनीति विचारों और मुद्दों पर होनी चाहिए, किसी के परिजनों को लेकर अमर्यादित टिप्पणी करना लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और इसका जवाब समय पर देगी।

## हरजूपुरा गांव में पोखर में डूबने से 14 वर्षीय बालक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** बसेड़ी थाना क्षेत्र के हरजुपुरा गांव में सोमवार की शाम एक 14 वर्षीय बालक की गांव की पोखर में डूबने से मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण अचेत बालक को लेकर बाड़ी अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों द्वारा बालक को बचाने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिलने पर मौत की पुष्टि की गई। इसके बाद परिजन बालक के शव को लेकर बसेड़ी रवाना हो गए। जहां बसेड़ी अस्पताल की मोर्चरी में शव को रखवाया गया है। मंगलवार को परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार बसेड़ी थाना क्षेत्र के हरजूपुरा गांव में गांव के अटल सेवा केंद्र के पीछे बनी पोखर में यह दुर्घटना हुई है। मृतक के पिता लाल सिंह ने बताया कि उनका 14 वर्षीय पुत्र लवकुश कोली अन्य बच्चों के साथ पोखर किनारे अपने पशुओं को चराने गया था। सोमवार शाम 5 बजे करीब जब बालक पोखर के आसपास खेल रहे थे। तो अचानक लवकुश पोखर में पैर स्लिप होने से गिर गया और पानी में डूब गया,अन्य बच्चों ने आकर जब उन्हें जानकारी दी तो ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे।

## 1500वां जश्न-ए-ईद मीलादुन्नबी

# कौमी एकता और सामाजिक समरसता का संदेश, ड्राई डे घोषित करने की उठी मांग

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के 1500वें जन्म दिवस जश्न-ए-ईद मीलादुन्नबी को मुस्लिम समाज के सभी तबकों ने एकजुट होकर हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया है। सूफ़ी इंटरनेशनल के तत्वावधान में निकाले जाने वाले जुलूस में विभिन्न समाजों के लोग शामिल होंगे और कौमी एकता व सामाजिक समरसता का संदेश देंगे। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि मोहम्मद साहब सभी इंसानों के लिए रहमत बनकर आए थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में इंसानियत, प्रेम और भाईचारे को सर्वोपरि रखने की शिक्षा दी। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए जुलूस में शामिल सभी लोग उनकी सुन्नतों पर अमल करेंगे और शांति एवं अनुशासन का पालन करेंगे। जुलूस शुक्रवार सुबह 9 बजे ऐतिहासिक अढ़ाई दिन का झोपड़ा से प्रारंभ होकर कमानी गेट होते हुए 10 बजे दरगाह शरीफ़ पहुंचेगा। इसके बाद जुलूस दरगाह बाज़ार, देहली गेट, गंज से होता हुआ फव्वारा चौहारा और ऋषी घाटी बायपास तक पहुंचेगा। यहां सलातो-सलाम पेश किया जाएगा और देश में अमन-चैन व भाईचारे की दुआ की जाएगी। जुम्मे की नमाज़ से पहले सभी धार्मिक कार्यक्रम पूरे कर लिए जाएंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतज़ाम किए गए हैं। जुलूस मार्ग पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी। वॉलंटियर्स को पहचान पत्र देकर व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि जुलूस के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। आयोजकों ने सफाई पर विशेष ज़ोर देते हुए लंगर बांटने वालों से अपील की । कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने पैगंबर साहब के जन्मोत्सव पर पूरे देश में ड्राई डे घोषित करने की मांग भी उठाई। इस अवसर पर सूफ़ी इंटरनेशनल के अध्यक्ष हाजी सरवर सिद्दीकी, सचिव नवाब हिदायतुल्ला, अंजुमन सैय्यदजादगान के सचिव सैय्यद सरवर चिश्ती, बोहरा समाज के इमाम शेख मुर्तुजा हामिद, शिया इमाम मोहम्मद जवाद सहित विभिन्न समाजों के धर्मगुरु और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## स्वागत उपरांत श्रमिक संघ ने सौंपा ज्ञापन

# डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक ने सुनी श्रमिकों की समस्याएँ



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक कमल प्रकाश वर्मा के जिले में प्रथम आगमन पर श्रमिक संघ ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम के बाद संघ पदाधिकारियों ने वर्मा तथा उदयपुर जोन के मुख्य अभियंता इंदरराज मीना को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न मांगें रखीं।

ज्ञापन में मुख्य रूप से उन कर्मचारियों के लिए एक बार फिर से ऑनलाइन अचल संपत्ति विवरण भरने का विकल्प शुरू करने की मांग की गई, जो पहले ऐसा नहीं कर पाए थे। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025-26 के लिए यात्रा भत्ता मद बढ़ाने, ठेके पर संचालित ग्रिड सब स्टेशनों और फील्ड रेस्क्यू टीमों में नियमानुसार कर्मचारियों की नियुक्ति करने, पर्याप्त मंत्रालयिक स्टाफ वाले सहायक अभियंता कार्यालयों में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों को फील्ड में लगाने, राजसमंद वृत्त में स्टाफ की कमी दूर करने और तकनीकी कर्मचारियों को समय पर पर्याप्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की माँगें शामिल थीं।

इस मौके पर बीएमएस सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री भरत किशोर सुवालका, बीएमएस संभाग प्रभारी राजकुमार गौड़, श्रमिक संघ डिस्कॉम अध्यक्ष हेमराज डांगी, डिस्कॉम सदस्य राजूसिंह चौहान, जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह मोजावत, महामंत्री जयसिंह राजपूत, संरक्षक प्रेमसिंह राठौड़, जिला कार्यकारी अध्यक्ष यजुवेंद्र सिंह गोरवा, सचिन तंवर सहित कार्यकारिणी सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेना से सेवानिवृत्त होकर लौटे कैप्टन भारत सिंह का बयाना में सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)** । बयाना रेलवे स्टेशन मंगलवार को देशभक्ति के रंग में सराबोर हो उठा, जब महरौली निवासी कैप्टन भारत सिंह तंवर 30 वर्षों की सेवा पूरी कर सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गृह क्षेत्र लौटे। स्टेशन पर पहुंचते ही वातावरण भारत माता की जय, वंदे मातरम् और इंकलाब जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। पूर्व सैनिक संघ बयाना की ओर से कैप्टन तंवर का फूलमालाओं और पारंपरिक सैफ पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। संघ अध्यक्ष बलराम कंवर ने बताया कि कैप्टन तंवर ने नवमी राजपूत बटालियन में रहते हुए कई दुर्गम और विषम परिस्थितियों में देश की सेवा की है। इस मौके पर कैप्टन भारत सिंह ने कहा, अब तक मैंने सेना में रहकर देश की सेवा की। अब समाज और युवा पीढ़ी के लिए कार्य करूंगा। मैं गांव में रहकर सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दूंगा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सिनसिनवार, कैप्टन मानसिंह कंसाना, सूबेदार राजवीर सिंह, सूबेदार हाकिम सिंह, हवलदार करतार सिंह कंसाना, कैप्टन कप्तान सिंह, सूबेदार रमन सिंह, सूबेदार जगदीश सिंह, हवलदार कदम सिंह, सूबेदार दामोदर, भगवान सिंह बाबूजी, हवलदार रामवीर कंवर, हवलदार चंद्रभान विधूड़ी, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि दीवान शेरगढ़ सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और ग्रामीण मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से ट्रेलर में लगी आग

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)** । राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 पर मंगलवार को बड़ा हादसा टल गया। भुसावर उपखंड के खेड़ली मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कमालपुरा के पास चलते हुए एक ट्रेलर में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। हादसे में चालक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से महवा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के समय ट्रेलर जयपुर की ओर जा रहा था। पीछे से एक गैस टैंकर भी आ रहा था, लेकिन ग्रामीणों की सूझबूझ से उसे तुरंत दूसरे मार्ग से निकाल दिया गया, जिससे संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई। आग लगते ही सडक़ पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तुरंत दोनों ओर से यातायात रोक दिया, जिससे हाईवे पर लंबा जाम लग गया। बाद में आग पर काबू पाने और ट्रेलर को हटाने के बाद यातायात बहाल हो सका।

भुसावर और महवा से पहुंची दमकल टीमों ने ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई। दमकलकर्मी नवल हरसाना ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल दल मौके पर पहुंचा और पूरी सावधानी के साथ आग पर काबू पाया गया।

# शिया समुदाय ने दहकते अंगारों पर चलकर किया मातम

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)** । अजमेर के दौराई स्थित इमाम हुसैन के रोज़े पर मंगलवार को शिया समुदाय ने मातमी जुलूस निकालकर कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवारजनों की याद में बनाए गए बनी हाशिम के 18 शहीदों के ताबूतों को नम आंखों से उठाया गया। इस अवसर पर राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। मजलिस की शुरुआत सलाम के साथ हुई। इसमें राजस्थान की अंजुमनों ने मर्सिये पेश किए। मौलाना सैय्यद अली रज़ा अश्तर ने कर्बला के शहीदों के बलिदान पर प्रवचन दिया, वहीं मौलाना हसन अकबर ने ताबूतों और अलम-ए-मुबारक की जियारत कराई। दरगाह हजरत अब्बास पर मौलाना कमर सुल्तान और मौलाना इरफान हैदर ने संबोधित किया। अंतिम मजलिस हुसैनिया बाबुल मुराद में मौलाना मैराज अली जाफरी ने बयान की।

### जुलूस और अंगारों पर मातम

दरगाह हजरत अब्बास और हुसैनिया बाबुल मुराद से निकले जुलूस में लब्बैक या हुसैन के नारे गूंजे। शहीदों को याद करते हुए नौजवानों, बच्चों और बुजुर्गों ने दहकते अंगारों पर चलकर मातम किया। यह दृश्य शहीदों के त्याग के प्रति श्रद्धा और समुदाय की आस्था का प्रतीक रहा।

### 72 दिन बाद लौटी खुशियां

राजस्थान शिया मुस्लिम महासभा के महासचिव सैय्यद आसिफ अली ने बताया कि मोहर्रम के 72 दिनों तक गम का माहौल रहता है, जिसमें खुशियों से जुड़े सभी कार्य वर्जित रहते हैं। मंगलवार को ईद-ए-जहरा के मौके पर समुदाय में खुशियां लौट आईं। लोगों ने नए कपड़े पहने, विशेष व्यंजन बनाए और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। यह आयोजन शिया समुदाय की धार्मिक आस्था, त्याग और एकजुटता का सशक्त उदाहरण रहा।

## गजानंद की भव्य विसर्जन शोभायात्रा बप्पा की विदाई पर नम हुई आंखें



बढ़ता राजस्थान

**कामां/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)** । कामवन के रामजी गेट मोहल्ला स्थित गणेश मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन मंगलवार को भव्य विसर्जन शोभायात्रा के साथ हुआ। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व गणपति बप्पा की विशेष पूजा-अर्चना और यज्ञ का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद बप्पा को आकर्षक रूप से सजाए गए रथ पर विराजमान कर विसर्जन यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गणेश मंदिर से शुरू होकर रामजी गेट मोहल्ला, लाल दरवाजा और नगर पालिका होते हुए तीर्थराज विमल कुंड तक पहुंची। पूरे रास्ते में श्रद्धालु बैंड-बाजों की धुन पर नाचते-गाते चल रहे थे। बच्चे, बुजुर्ग और युवा गुलाल उड़ाते हुए वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। चारों ओर गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंज रहे थे। श्रद्धालुओं के चेहरों पर जहां भक्ति और उल्लास झलक रहा था, वहीं बप्पा की विदाई ने हर आंख को नम कर दिया।

## राष्ट्रीय एकता के लिए की दुआएं

# अंतरधार्मिक प्रतिनिधिमंडल ने बाढ़ प्रभावितों की राहत

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** दरगाह अजमेर शरीफ के गद्दीनशीन एवं चिश्ती फाउंडेशन के चेयरमैन हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने पंजाब से आए अंतरधार्मिक प्रतिनिधिमंडल का दरगाह परिसर में हार्दिक स्वागत किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महंत गुरसिमरन सिंह मांड जी, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार एवं अध्यक्ष इंटरनेशनल एंटी-खालिस्तानी टेररिस्ट फ्रंट ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती (र.अ.) की पवित्र दरगाह पर हाजिरी दी। प्रतिनिधिमंडल में संचित मल्होत्रा, राष्ट्रीय महासचिव इंटरनेशनल एंटी-खालिस्तानी टेररिस्ट फ्रंट; मुकेश कुमार (गौतम); मुनिश दत्त और भावजोत सिंह शामिल थे। इनका स्वागत अजमेर शरीफ के ख़ुद्दाम सैयद मेहराज चिश्ती, सैयद असद चिश्ती, सैयद रूबल चिश्ती और सैयद अमन चिश्ती ने भी किया। इस मौके पर सभी ने मिलकर पंजाब, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की राहत, अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआएं कीं।

हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने कहा कि अजमेर शरीफ हमेशा से मोहब्बत और एकता का उजाला फैलाता आया है। आज अंतरधार्मिक भाइयों और आध्यात्मिक नेताओं के साथ मिलकर इंसानियत की भलाई, करुणा और समाज में रिश्तों की मजबूती के लिए दुआ की गई।

महंत गुरसिमरन सिंह मांड जी ने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज़ (र.अ.) की दरगाह आपसी सौहार्द और एकजुटता का जीवंत प्रतीक है। आज की साझा दुआ इस सच्चाई को दोहराती है कि भारत की सबसे बड़ी ताक़त उसकी 'विविधता में एकता' है। अजमेर शरीफ में हुआ यह अंतरधार्मिक संगम एक बार फिर इस सूफ़ी दरगाह की भूमिका को शांति, समावेश और आध्यात्मिक एकता के केंद्र के रूप में रेखांकित करता है।

# अवैध यात्री वाहनों और डीजे पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** परिवहन विभाग ने शहर में अवैध यात्री वाहनों और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले डीजे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। जिला परिवहन अधिकारी सौम्या शर्मा के निर्देश पर परिवहन निरीक्षक धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुख्य मार्गों पर अचानक अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 वाहनों के चालान बनाए गए और करीब एक लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस अप्रत्याशित कार्रवाई से अवैध वाहन संचालकों में हडक़ंप मच गया और कई चालक अपने वाहन मौके पर ही छोडक़र भाग गए। टीम ने उन वाहनों पर भी सख्ती दिखाई जिनमें नियम विरुद्ध बदलाव कर डीजे लगाए गए थे। डीजे संचालकों को चेतावनी दी गई कि वे केवल राज्य सरकार द्वारा तय मानकों के अनुसार ही संचालन करें। अभियान के दौरान परिवहन विभाग के कर्मचारियों मोहन भड़ाना, रघुवीर सिंह हाड़ा और कैलाश चंद मीणा ने रात में सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कई वाहनों पर रिफ्लेक्टर भी लगाए। यह कार्रवाई विभाग की ओर से यातायात व्यवस्था सुधारने और ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# बेटियां देवी स्वरूप, इनका संरक्षण और सम्मान आवश्यक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** श्री निंबार्क आश्रम, गांधी नगर में लाड़ली बिटिया अभियान संस्थान की ओर से बेटियों के संरक्षण, संस्कार और सम्मान के लिए जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आश्रम के महंत मोहनशरण शास्त्री ने कहा कि बेटियां देवी का स्वरूप हैं। नवरात्रि में हम इनकी पूजा करते हैं, लेकिन आज के समय में इनके संरक्षण और सम्मान को व्यवहार में उतारना और भी जरूरी है। महंत शास्त्री ने कहा कि यदि किसी स्थान पर बेटियां असुरक्षित या परेशान दिखें, तो समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह उन्हें सुरक्षा और सम्मान प्रदान करे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उन्होंने शपथ दिलाई कि वे बेटियों की सुरक्षा और उनके संस्कारों के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। संस्थान के अध्यक्ष ललित ओझा ने बताया कि लाड़ली बिटिया अभियान की स्थापना 1 अक्टूबर 2021 को की गई थी। तब से ही संस्था समाज में बेटियों के प्रति जागरूकता, शिक्षा और सुरक्षा को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। सचिव संजय झा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाजसेवी चितवन व्यास, उमाशंकर पारीक, कल्पना तिवारी, दया गौड़, सुलेखा व्यास, युवा ब्रह्मशक्ति मेवाड़ की प्रदेशाध्यक्ष नीलम शर्मा, ब्रह्मशक्ति जिलाध्यक्ष कमलेश पालीवाल, महिला जिलाध्यक्ष सुनीता व्यास सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

# आचार्य 1008 जयमल महाराज की 318वीं जयंती पर त्रिदिवसीय महोत्सव

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** भवावतरी आचार्य 1008 जयमल महाराज की 318वीं जन्म जयंती इस बार कपासन में भव्य त्रिदिवसीय महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी। यह आयोजन 5 से 7 सितंबर तक नगर के चुंगीनाका मार्ग स्थित एस.आर. वाटिका में होगा।

श्रमण संघ कपासन अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन 5 सितंबर को एकासन दिवस, दूसरे दिन 6 सितंबर को सजोड़ जाप दिवस और अंतिम दिन 7 सितंबर को गुणगान दिवस का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में पुणे से जैन कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भामाशाह निवासी मनोहरलाल लोढ़ा, भीलवाड़ा के ध्वजारोहणकर्ता बसंतीलाल छवाण सहित कई गणमान्यजन शामिल होंगे। साथ ही सहकारिता मंत्री गौतम दक, सांसद डॉ. सी.पी. जोशी, विधायक अशोक कोठारी, विधायक लादूलाल पितलिया और कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर भी अतिथि रूप में मौजूद रहेंगे।

इस महोत्सव में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और गुजरात सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। सफल आयोजन के लिए श्रमण संघ कपासन, चातुर्मास व्यवस्था समिति, महावीर नवयुवक मंडल, चंदनबाला महिला मंडल और चंदन बालिका मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# विधायक कोठारी की पहल से विद्यालयों को मिली 22.40 करोड़ की सौगात

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के लिए शिक्षा सुविधाओं को मजबूत करने हेतु बड़ी राशि स्वीकृत हुई है।

विधायक अशोक कुमार कोठारी की अनुशंसा पर 22.40 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है, जिसमें नवीन कक्षा-कक्ष निर्माण, जर्जर भवनों की मरम्मत और नवनिर्माण शामिल हैं। इस कदम से न केवल शिक्षा का स्तर सुधरेगा, बल्कि जर्जर इमारतों से संभावित हादसों पर भी रोक लगेगी। विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, यह पहली बार है जब क्षेत्र के सभी विद्यालयों के लिए इतनी बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। इसमें 21 करोड़ रुपये डीएमएफटी फंड से और 1.40 करोड़ रुपये आपदा एवं राहत कोष से पुस्तकालयों हेतु पुस्तकों की व्यवस्था के लिए स्वीकृत हुए हैं। विधायक कोठारी ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत शीघ्र ही टेंडर जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जर्जर विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण, नए कक्षा-कक्षों के निर्माण तथा छात्राओं के लिए पृथक शौचालय जैसी आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए।

# जादूगर सम्राट ने दी मैजिक शो की प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के सिद्धि विनायक मंडल प्रांगण में चल रहे दस दिवसीय गणेश उत्सव के अंतर्गत सोमवार रात्रि को जादूगर सम्राट हैरी द्वारा मैजिक शो की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अथिति के रूप में ब्रह्माकुमारी गीता दीदी, चिकित्सालय प्रभारी डॉ राजकुमार बाघेला,मनोहर लाल ओसवाल अध्यक्ष व्यापार संघ, कुमोद शर्मा प्रधानाचार्य महात्मा गांधी इंग्लिश स्कूल रहे,कार्यक्रम में जादूगर हैरी द्वारा नोटो की बारिश,फ्रेम में से कबूतर निकालना,मौत का शिकंजा,जैसे कई हैरतअंगेज करतब दिखाए।

# तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम की नवगठित कार्यकारिणी ने लिया शपथ

## साध्वीश्री उर्मिला कुमारी ने दिए आदर्श कार्यकर्ता के सूत्र

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** तेरापंथ धर्मसंघ की चतुर्थ संघीय संस्था तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम (टीपीएफ) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह एवं संबोध कार्यशाला स्थानीय तेरापंथ भवन में आयोजित हुई। यह आयोजन आचार्यश्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वीश्री उर्मिला कुमारी ठाणा-4 के सान्निध्य में संपन्न हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि टीपीएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवीन चोरडिया रहे, जबकि अध्यक्षता निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज ओस्तवाल ने की। विशिष्ट अतिथियों में तेरापंथी महासभा उपाध्यक्ष निर्मल गोखरू, टीपीएफ राष्ट्रीय सहमंत्री राकेश सुतरिया, सेंट्रल जोन अध्यक्ष लक्ष्मीलाल गांधी और तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल उपस्थित रहीं। साध्वीश्री उर्मिला कुमारी ने प्रेरणा पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि किसी भी संस्था की सफलता उसके कार्यकर्ताओं की क्षमता पर निर्भर करती है। आदर्श कार्यकर्ता वही है जिसमें संघ के प्रति निष्ठा, शिक्षा, सक्रियता और आचार-विचार का समन्वय हो।



उन्होंने कहा कि संघ का कार्य तभी सार्थक होता है जब प्रत्येक कार्यकर्ता ज्ञान और संस्कारों के साथ समर्पण की भावना से जुड़ा हो। समारोह की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई। गायिका जीविका चौरडिया और निष्ठा गांधी ने संघ गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नवमनोनीत अध्यक्ष श्रीमती सपना कोठारी ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें उपाध्यक्ष प्रमोद पीतीलिया, डॉ. कमलेश चौरडिया, स्वीटी नैनावटी, वरुण पीतलिया, मंत्री बादल मेहता, कोषाध्यक्ष सुष्मित दक, सहमंत्री सुखवीर बूलिया, सौरभ कावडिया, रीना बाफना और सुनयना रांका सहित संरक्षक मंडल, प्रभारी, सहप्रभारी और कार्यकारिणी सदस्य शामिल किए गए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवीन चोरडिया ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई, जबकि निवर्तमान अध्यक्ष प्रशांत सिंघवी ने दायित्व हस्तांतरण किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलेश चौरडिया ने किया और आभार मंत्री बादल मेहता ने जताया। समारोह में तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्षा अमिता बाबेल, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष अमित मेडतवाल, अणुव्रत समिति अध्यक्ष अभिषेक कोठारी, टीपीएफ के पूर्व राष्ट्रीय सहमंत्री नवीन वागरेचा, अंकुर बोरडिया, पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विनोद पीतलिया, पूर्व ब्रांच अध्यक्ष भैरूलाल बापना, डॉ. गौतम रांका, करण सिंह सिंघवी, वरिष्ठ सदस्य डॉ. आर.एल. पीतलिया, डॉ. एल.एल. सिंघवी सहित बड़ी संख्या में समाजजन और सदस्य उपस्थित रहे।

## तेजाजी महाराज तीन दिवसीय मेले की शुरू

# आंतरदा में सर्प रूप में प्रकट हुए लोकदेवता

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर सैनी)।** तेजादशमी के अवसर पर नैनवां उपखंड क्षेत्र के आंतरदा गांव में लोकदेवता तेजाजी महाराज सर्प देह के रूप में साक्षात प्रकट हुए। लगभग 150 वर्षों से चली आ रही इस अनूठी परंपरा के अंतर्गत मंगलवार को तलवास रोड स्थित दड़ा भैरूजी के पास केंट के पेड़ पर सर्प रूपी देह देखी गई।

सर्प रूपी तेजाजी महाराज के दर्शन के बाद ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह जेसीबी मशीनों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। आंतरदा ठिकाना दरबार समरप्रताप सिंह ने परंपरा अनुसार सर्प रूप की मान-मनुहार की। जुलूस तेजाजी के थानक तक पहुंचा, जहां केंट के पेड़ पर सर्प रूपी देह को विराजमान किया गया।

तेजादशमी से शुरू होकर यहां तीन दिवसीय मेला आयोजित होता है। मेले की समाप्ति तक सर्प रूपी तेजाजी महाराज पेड़ पर विराजमान रहते हैं। इनके दर्शन के लिए दूर-दराज़ से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।



### आस्था से जुड़ी लोककथा

स्थानीय मान्यता के अनुसार वर्ष 1871 में आंतरदा दरबार नरेश देवी सिंह की पत्नी, जूनया (टोंक की राजकुमारी) को सर्प ने डस लिया था। दहेलवाल महाराज के नाम की डसी बांधने से राजकुमारी ठीक हो गई। इसके बाद आंतरदा दरबार के सैनिकों और लोक कलाकारों ने तेजाजी गायन किया, जिससे प्रसन्न होकर तेजाजी महाराज भोपा के शरीर में प्रकट हुए। तेजाजी महाराज ने आदेश दिया कि आंतरदा दरबार उनकी स्मृति में करवर रोड स्थित दहड़क्या स्थान पर थानक बनाकर पूजन-अर्चन करें। तभी से यह परंपरा स्थापित हुई और हर वर्ष तेजादशमी के दिन लोकदेवता तेजाजी महाराज आंतरदा में सर्प देह के रूप में प्रकट होकर दर्शन देते हैं। यह अद्‌त परंपरा आज भी लोगों की अटूट आस्था और भक्ति का केंद्र बनी हुई है।

# व्यापारी वर्ग की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर के धमाणा मार्ग स्थित लिंकन के बालाजी मंदिर परिसर में मंगलवार को स्थानीय व्यापारी वर्ग की बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।

व्यापारी वर्ग के अध्यक्ष पद पर देवेंद्र सोमानी और महामंत्री पद पर युवा समाजसेवी अभिनव दुग्गड़ को चुना गया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ओम न्याति को सौंपी गई। उपाध्यक्ष के रूप में सोहन जाट, दिलीप बारेगामा, सतीश नंदवाना, बनवारी डाड, कमल न्याति और सागर चंडालिया को नियुक्त किया गया। वहीं संरक्षक मंडल में रामप्रकाश सोमानी, कन्हैयालाल सोमानी, रामेश्वरलाल सोमानी, गिरजाशंकर नंदवाना, राजेश शर्मा, लाला चाष्टा और सोहन जाट को शामिल किया गया।

बैठक में नगर क्षेत्र के सेनेटरी, कलर, लोहा, मशीनरी, सरिया, इलेक्ट्रिकल्स और प्लाईवुड व्यापार से जुड़े अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण एवं उपरना ओढ़ाकर स्वागत-सम्मान किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि व्यापारी वर्ग पूर्णिमा के दिन अवकाश रखेगा।

## आज विशाल रक्तदान शिविर

**कपासन (नि.स.)।** गरीब नवाज रिलीफ फंड शाखा कपासन के तत्वावधान में पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज बुधवार 3 सितंबर को दरगाह दीवाना शाह मदरसा परिसर में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्थान के प्रतिनिधि तालिब हुसैन अंसारी और प्रभारी गुड् खान ने बताया कि रक्तदान शिविर प्रात: 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक आयोजित होगा। इसमें सांवरियाजी राजकीय जिला चिकित्सालय चित्तौडग़ढ़ की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया जाएगा।

# गौ सेवा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने की आवश्यकता

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** परम पूज्य माधव गो विज्ञान अनुसंधान संस्थान, नौगांव में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह कार्यवाहक भैयाजी जोशी ने कहा कि गौ सेवा को केवल जीव-दया तक सीमित रखने के बजाय वैज्ञानिक तर्कों के साथ आगे बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक गाय पालन से किसानों को सीधा आर्थिक लाभ नहीं मिलेगा, तब तक गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना संभव नहीं है। जोशी ने कहा कि किसानों को गाय पालन को लाभदायक व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। इससे गौशालाओं पर निर्भरता घटेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने पंचगव्य चिकित्सा के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि दूध, दही, घी, मूत्र और गोबर से बनी औषधियों को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाए, ताकि गौ उत्पादों का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो सके। बैठक से पूर्व भैयाजी जोशी ने गौशाला परिसर स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में दर्शन किए और गौशाला का निरीक्षण किया। बैठक में संघ के क्षेत्रीय संघ चालक रमेश अग्रवाल, प्रचारक प्रमुख सुरेश भाई, विभाग प्रचारक दीपक भाई, संस्थान अध्यक्ष दामोदर प्रसाद अग्रवाल, सचिव सत्य प्रकाश गगड़, कोषाध्यक्ष हेमंत मानसिंहका सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गणेश महोत्सव में भूले-बिसरे गीतों की गूंज, देर रात तक झूमते रहे दर्शक

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में श्री गणेश महोत्सव समिति की ओर से भूरा गणेश प्रांगण में आयोजित 10 दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत सोमवार रात को 'भूले-बिसरे गीत' संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बूंदी म्यूजिकल ग्रुप की इस विशेष प्रस्तुति ने दर्शकों को पुराने नगमों की याद दिला दी और श्रोता देर रात तक संगीत का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी मोहन नुवाल और अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सेठी रहे।



समिति की ओर से अतिथियों का दुपट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश की आरती से हुई। इसके बाद गायिका ममता शर्मा ने भजन 'घर में पधारो गजानंद जी' से संगीतमय यात्रा का शुभारंभ किया। गायक दिनेश सोनी ने 'जहां डाल-डाल पर सोने की चिडिया करती है बसेरा' देशभक्ति गीत गाकर माहौल को देशप्रेम से सराबोर कर दिया।

इसके बाद एक से बढक़र एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महावीर नामा ने 'ये जाते हुए लम्हों', कशिश राठौर ने 'ये रातें ये मौसम', प्रमोद शर्मा ने 'मेरी मोहब्बत मेरी जवानी' और 4 वर्षीय बालिका सानवी सोनी ने 'चल अकेला चल अकेला' गीत प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। दुर्गेश जोशी ने 'ये शाम मस्तानी', एन.के. राठौर ने 'याद आ रहा है तेरा प्यार' और गोपाल गुप्ता ने 'जिंदगी प्यार का गीत है' गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया।

विशेष आकर्षण रहा सुमित पटेल का 'अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो' भजन पर किया गया नृत्य, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## विद्यार्थियों को नई तकनीकों और चिकित्सा अनुसंधानों की जानकारी दी

# एनएमओ अभ्यास वर्ग में चिकित्सकों और विद्यार्थियों ने लिया सेवा और राष्ट्र निर्माण का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ), चित्तौड़ प्रांत द्वारा भीलवाड़ा में दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया, जिसमें अजमेर, बारां, बूंदी, कोटा, झालावाड़, उदयपुर और भीलवाड़ा के मेडिकल व डेंटल कॉलेजों से आए 100 से अधिक चिकित्सकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

अभ्यास वर्ग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश भैयाजी जोशी, राजस्थान क्षेत्र संघ चालक रमेश अग्रवाल, एनएमओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. चन्द्र भानु त्रिपाठी, डॉ. जसवंत खत्रीय और क्षेत्र संगठन मंत्री डॉ. गिरीश शर्मा सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। उनकी



उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। दो दिनों तक चले सत्रों में चिकित्सा क्षेत्र की नवीनतम प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियाँ, सामाजिक उत्तरदायित्व और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर केवल रोगियों का उपचार करने तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और राष्ट्र के स्वास्थ्य सुधार व विकास में भी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नई तकनीकों और चिकित्सा अनुसंधानों की जानकारी दी तथा समझाया कि सेवा और राष्ट्रभक्ति का भाव जोडक़र चिकित्सक समाज के लिए आदर्श बन सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने सवाल रखे और वरिष्ठ चिकित्सकों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

अभ्यास वर्ग का समापन राष्ट्रभक्ति और सेवा की भावना से परिपूर्ण वातावरण में हुआ। सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि चिकित्सा सेवा को समाज कल्याण और देश के विकास की मजबूत आधारशिला बनाएंगे।

# राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल विदेशियों पर कसेगा शिकंजा

## गृह मंत्रालय ने जारी किए निर्देश: अवैध प्रवासियों को निर्वासन तक होल्डिंग

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली।** विदेशियों पर अगर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, जासूसी, बलात्कार और हत्या, आतंकवादी कृत्यों, बाल तस्करी या किसी प्रतिबंधित संगठन का सदस्य होने का आरोप सिद्ध होता है तो उन्हें भारत में प्रवेश करने या रहने की अनुमति देने से मना किया जा सकता है।

गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि हाल ही में लागू किए गए आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम, 2025 के तहत प्रत्येक राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ऐसे विदेशियों को निर्वासित किए जाने तक उनकी आवाजाही को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से निरुद्ध केंद्र या हिरासत शिविर स्थापित करेगा। आदेश में कहा गया है कि यदि भारत में अवैध प्रवासियों को पकड़ा जाता है, तो उन्हें निर्वासन (देश से वापस भेजे जाने) की प्रक्रिया पूरी होने तक किसी होल्डिंग सेंटर या शिविर में रखा जाएगा और उनकी आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। गृह मंत्रालय ने कहा कि जो भी विदेशी किसी भी श्रेणी के वीजा के लिए आवेदन करता है, जिसमें प्रवासी भारतीय नागरिक (ओसीआई) कार्डधारक के रूप में पंजीकरण भी शामिल है, उसे वीजा जारी करने वाली अथवा ओसीआई कार्डधारक के रूप में पंजीकरण प्रदान करने वाले प्राधिकरण को अपनी बायोमेट्रिक जानकारी देने की अनुमति देनी होगी और यह प्रक्रिया वीजा या पंजीकरण दिए जाने से पहले पूरी की जाएगी।

मंत्रालय ने यह भी कहा कि सीमा सुरक्षा बल या तटरक्षक बल भारत में प्रवेश करने का प्रयास करने वाले अवैध अप्रवासियों को रोकने के लिए कदम उठाएंगे तथा केंद्र सरकार के निर्दिष्ट पोर्टल पर उनकी बायोमेट्रिक जानकारी और उपलब्ध जनसांख्यिकीय विवरण प्राप्त करने के बाद उन्हें वापस भेजेंगे।

### इन आधारों पर देश में प्रवेश या ठहरने की होगी मनाही

गृह मंत्रालय के आदेश में कहा गया कि किसी विदेशी को निम्नलिखित आधारों पर भारत में प्रवेश या रहने से मना किया जा सकता है, अर्थात - यदि उसे राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों, जासूसी, बलात्कार और हत्या, मानवता के विरुद्ध अपराध, आतंकवादी और विध्वंसक गतिविधि के आरोपों में दोषी ठहराया जाता है, जिसमें ऐसी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता या धन शोधन या हवाला की व्यवस्था करना शामिल है।

### संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश के लिए लेना होगा परमिट

प्रत्येक विदेशी को किसी संरक्षित या प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने या वहां ठहरने के लिए परमिट प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अफगानिस्तान, चीन या पाकिस्तान मूल के किसी भी व्यक्ति को ऐसे प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भारत के प्रतिबंधित क्षेत्रों में पूरे अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिज़ोरम, नागालैंड और सिक्किम राज्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्से भी इन क्षेत्रों में आते हैं।

### बिना अनमति के नहीं कर सकेंगे रोजगार स्वीकार

मंत्रालय ने कहा कि कोई भी विदेशी, जिसके पास भारत में रोजगार के लिए वैध वीजा हो, बिना नागरिक प्राधिकरण की अनुमति के, बिजली या जल आपूर्ति से जुड़े निजी क्षेत्र के उपक्रमों या पेट्रोलियम क्षेत्र में कार्यरत किसी संस्था में रोजगार स्वीकार नहीं कर सकता।

## रेप का आरोपी आप विधायक पुलिस की हिरासत से फरार



बढ़ता राजस्थान

**पटियाला।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा को मंगलवार को उनके खिलाफ बलात्कार के मामले में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन वह अपने समर्थकों की ओर से की गई कथित गोलीबारी और पथराव की आड़ में पुलिस हिरासत से फरार हो गया। पठानमाजरा हरियाणा के करनाल जिले के डाबरी गांव में थे, जहां पुलिस दल उन्हें गिरफ्तार करने पहुंचा था। पटियाला अपराध जांच एजेंसी (सीआईए) के प्रभारी ने कहा, हमने हरियाणा में पठानमाजरा के आवास पर छापा मारा। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन, ग्रामीणों के एक समूह और कुछ शरारती तत्वों ने पुलिस टीम पर पथराव किया और गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि सनौर के विधायक पठानमाजरा गोलियों और पथराव की आड़ में बच निकले। विधायक के साथी बलविंदर सिंह को तीन हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि उसके पास से एक टोयोटा फॉर्च्यूनर भी जब्त की गई है। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पठानमाजरा पर बलात्कार, धोखाधड़ी और आपराधिक रूप से डराने धमकाने के आरोप हैं। यह मामला जीरकपुर की एक महिला की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसने आरोप लगाया था कि विधायक ने खुद को तलाकशुदा बताकर उसके साथ संबंध बनाए और बाद में शादीशुदा होते हुए भी 2021 में शादी कर ली। उसने विधायक पर लगातार यौन शोषण, धमकियां देने और उसे 'अश्लील' सामग्री भेजने का आरोप लगाया।

## BRS प्रमुख की बेटी कविता पार्टी से निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने विधान परिषद सदस्य के. कविता को कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण मंगलवार को पार्टी से निलंबित कर दिया। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब एक दिन पहले ही कविता ने अपने चचेरे भाइयों एवं बीआरएस के नेताओं टी हरीश राव और जे संतोष कुमार पर कालेश्वरम परियोजना को लेकर अपने पिता के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की छवि खराब करने का आरोप लगाकर पार्टी में तूफान खड़ा कर दिया था। कविता पार्टी के अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। पार्टी महासचिव टी. रवींद्र राव और सोमा भरत कुमार ने बताया कि बीआरएस अध्यक्ष राव ने कविता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है।

## पवन खेड़ा को निर्वाचन आयोग का नोटिस



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चुनाव प्रशासन ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर नोटिस जारी किया है। नई दिल्ली के जिला निर्वाचन अधिकारी ने खेड़ा को भेजे नोटिस की प्रति 'एक्स' पर साझा की। कांग्रेस नेता को आठ सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक इस नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले दिन में भाजपा ने आरोप लगाया था कि खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी पार्टी की वोट चोरी को 'बचाने और छिपाने' के लिए बिहार में मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इधर, खेड़ा ने कहा कि मैंने 2016-17 में इसे हटाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह नहीं हुआ और इसके लिए निर्वाचन आयोग जिम्मेदार है।

## "वॉयसेज़ ऑफ भारत" अभियान का तीसरा न्यूज़लेटर हुआ जारी




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने मंगलवार को जयपुर में "वॉयसेज़ ऑफ भारतः युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी" अभियान के तीसरे न्यूज़लेटर का विमोचन किया। उन्होंने सितंबर के अंतिम सप्ताह में जयपुर में प्रस्तावित दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में भी आमंत्रण स्वीकार किया।

डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने इस दौरान कहा कि सतत विकास समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हमारे युवा इसके सशक्त वाहक बन सकते हैं। 'वॉयसेज़ ऑफ़ भारत : युवा फ़ॉर सस्टेनेबिलिटी' राजस्थान से शुरू होकर अब राष्ट्रीय आंदोलन बन रहा है। उन्होंने द्वितीय राष्ट्रीय युवा सस्टेनेबिलिटी सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

इस एक वर्षीय अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून, 2025 को की थी। "वॉयसेज़ ऑफ भारतः युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी" अभियान का उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए कहानी कहने, पॉडकास्ट, वीडियो और डिजिटल मीडिया के माध्यम से प्रेरित और प्रशिक्षित करना है। अभियान के तहत अब तक कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें वेबिनार श्रृंखला और जयपुर में आयोजित पहला राष्ट्रीय युवा स्थिरता सम्मेलन शामिल है।

## बैंक धोखाधड़ी के मामलों में कई राज्यों में छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के दो मामलों की जांच के सिलसिले में अलग-अलग कार्रवाई में मंगलवार को दिल्ली, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और गोवा में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 'अरविंद रेमेडीज' कंपनी और उसके प्रवर्तक अरविंद बी. शाह के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तमिलनाडु के चेन्नई और कांचीपुरम, कोलकाता और गोवा के कुछ परिसरों पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि जुलाई 2021 का धन शोधन मामला अक्टूबर 2016 में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी से संबंधित है, जिसमें आरोपी कंपनी और उसके प्रवर्तक पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह से करीब 637 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। सूत्रों ने बताया कि बैंक खातों के विश्लेषण से पता चला है कि बैंक से मिली रकम को प्रवर्तकों द्वारा नियंत्रित की जा रही 'मुखौटा' कंपनियों के जरिए गलत तरीके से निकाल लिया गया।

## डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने राज्यपाल से मुलाकात की



**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को सप्तम राज्य वित्त आयोग 2025- 26 की अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

### आस्था, संस्कृति और समरसता का अद्‌्त संगम वीर तेजा मेला-2025

# वोकल फॉर लोकल की भावना संग स्थानीय उत्पादन और संस्कृति का उत्सव : शेखावत

बढ़ता राजस्थान




लोक आस्था और ऐतिहासिक परंपराओं के प्रतीक वीर तेजा मेला - 2025 में उस समय उत्साह और उल्लास का विशेष संचार हुआ जब माननीय केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ब्यावर में सुभाष उद्यान स्थित मेला स्थल पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या में उपस्थित हुए।अजमेर से प्रस्थान कर कल शाम को ब्यावर पहुंचे माननीय मंत्री जी का नागरिकों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा एवं सांस्कृतिक रंगों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया।

अपने उद्बोधन में शेखावत ने कहा कि इस अंचल की परंपराएं और मेले हमारी सामाजिक-सांस्कृतिक धरोहर हैं। इनका संरक्षण और विस्तार करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि तेजाजी महाराज का जीवन आदर्श और प्रेरणादायी है, जो हमें समरसता, उत्तरदायित्व और संकल्प की याद दिलाता है। यह मेला केवल सांस्कृतिक उत्सव ही नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री के स्वदेशी मंत्र को दोहराते हुए 'लोकल फॉर लोकल' की महत्ता पर बल दिया और कहा कि ऐसे मेलों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति, कला और उत्पादों को बढ़ावा देना हम सबका कर्तव्य है। इस अवसर पर उन्होंने तेजा नवमी और दशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

शेखावत ने सभी नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए मेले का आनंद शांति, सुरक्षा और सौहार्द्र के साथ लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर भागीरथ चौधरी, सांसद अजमेर एवं माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक शंकर सिंह रावत, आयुक्त दिव्यांश सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बहता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com"पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार